आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 141 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

इंदौर, सोमवार, 26 मई, 2025

### प्रधानमंत्री ने भाजपा-NDA शासित 19 राज्यों के CM-डिप्टी CM के साथ दिल्ली में बैठक की

# मोदी बोले- जाति जनगणना से लोगों को मुख्यधारा में लाएंगे



**एजेंसी ● नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भाजपा-NDA शासित 19 राज्यों के CM-डिप्टी CM के साथ दिल्ली में बैठक की। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे।

बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि जाति जनगणना उनकी सरकार के उस मॉडल की दिशा में एक कदम है, जिसके तहत वे हाशिए पर पड़े लोगों और हर क्षेत्र में पिछड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाएंगे। पीएम ने ये भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता इसकी पुष्टि करती है कि देश ने आत्मनिर्भरता की दिशा में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। स्वदेशी डिफेंस टेक्नोलॉजी ने सटीक निशाना लगाते हुए पाकिस्तान के ड्रोन-मिसाइल मार गिराए। पीएम मोदी ने भाजपा-NDA शासित राज्य सरकारों को गुड गवर्नेंस अपनाने का भी कहा है।


केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा- मीटिंग में ऑपरेशन सिंदूर और जनगणना को लेकर प्रस्ताव पास हुआ। मोदी 3.0 के एक साल पूरे होने, इंटरनेशनल योग डे 10 साल पूरे होने और देश में लगी इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने जैसे कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार किया गया। नड्डा बोले- ऑपरेशन सिंदूर और जाति जनगणना पर प्रस्ताव पास हुआ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पहला प्रस्ताव ऑपरेशन सिंदूर को लेकर था, जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चलाया गया। हमारी सेना के काम की खूब सराहना की गई। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। नड्डा ने आगे कहा कि जाति जनगणना को लेकर भी एक प्रस्ताव पारित किया गया। सभी नेताओं ने इस पर सहमति दी और मोदी जी के इस फैसले की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। हमने यह साफ कर दिया है कि हम जाति की राजनीति नहीं करते, बल्कि हमारा मकसद है कि जो लोग वंचित, पीड़ित और शोषित हैं, जिन्हें अब तक नजरअंदाज किया गया है, उन्हें मुख्यधारा में लाया जाए। यही समाज की जरूरत है। आतंकवाद के खिलाफ भारत का ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इसमें 26 टूरिस्ट की हत्या की गई थी। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे कश्मीर (PoK) के 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। इसके बाद 10 मई तक पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन अटैक किए थे। सीमा पर भारी गोलाबारी भी की थी। 10 मई की दोनों देशों के बीच सीजफायर की घोषणा की गई थी। ऑपरेशन सिंदूर का मकसद और पाकिस्तान का असल चेहरा दुनिया को बताने के लिए देश के 59 सांसदों को 33 देश भेजा है। 59 सांसद 7 सर्वदलीय टीमों (डेलिगेशन) में बंटे हैं। 7 टीमों के साथ 8 पूर्व राजनयिक भी हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने 20 मई को सांसदों को इस पहल के बारे में ब्रीफिंग दी थी।

### आज दो दिवसीय दौरे पर गुजरात जाएंगे मोदी

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिवसीय गुजरात दौरे पर जाएंगे। अपने गुजरात दौरे के दौरान वे दाहोद, भुज और गांधीनगर में 82,950 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पीएम मोदी के दौरे को लेकर जारी बयान के मुताबिक, 26 मई को भुज में प्रधानमंत्री 53,414 करोड़ रुपये की 33 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उसी दिन बाद में वे दाहोद के खारोद में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वे 24,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। पीएम दाहोद में लोकोमोटिव विनिर्माण संयंत्र राष्ट्र को समर्पित करेंगे और इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव को हरी झंडी भी दिखाएंगे। इसके अगले दिन प्रधानमंत्री गांधीनगर के महात्मा मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम में भाग लेंगे, जिसमें विभिन्न विभागों के अंतर्गत 5,536 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा। पीएम मोदी के दौरे को लेकर जारी बयान में कहा गया कि मंगलवार को प्रधानमंत्री गांधीनगर में गुजरात शहरी विकास की 20वीं वर्षगांठ के समारोह में भाग लेंगे और शहरी विकास वर्ष 2025 की शुरुआत करेंगे।

# हिंदू समाज की एकता से शक्तिशाली और धर्मनिष्ठ बनेगा भारत : भागवत

**एजेंसी ● नई दिल्ली**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा है कि भारत को इतना शक्तिशाली बनाया जाए — सैन्य ताकत और आर्थिक रूप से — कि दुनिया की कई ताकतें मिलकर भी उसे जीत न सकें। उनका कहना है कि केवल ताकत से कुछ नहीं होगा, बल्कि शक्ति के साथ-साथ सद्गुण और धर्मनिष्ठा भी जरूरी है। अगर शक्ति के साथ नैतिकता न हो तो वह अंधी ताकत बन सकती है जो हिंसा फैला सकती है। यह इंटरव्यू आरएसएस के मुखपत्र 'ऑर्गनाइजर' में छपा है। यह बातचीत करीब दो महीने पहले बंगलूरू में हुई संघ की शीर्ष बैठक (अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा) के बाद ली गई थी।

### भारत का ताकतवर बनना जरुरी

मोहन भागवत ने कहा, 'हमारी सीमाओं पर बुरी ताकतें लगातार सक्रिय हैं। हमें मजबूरी में ताकतवर बनना पड़ेगा ताकि हम अपनी रक्षा खुद कर सकें। हम दूसरों पर निर्भर नहीं रह सकते।' उन्होंने दैनिक संघ प्रार्थना का जिक्र करते हुए कहा, 'हम प्रार्थना करते हैं: 'अजय्यं च विश्वस्य देहि मे शक्ति' — यानी ऐसी शक्ति दो कि हम विश्व में अजेय बनें।'

### ताकत के साथ धर्म की भी जरुरत

उन्होंने साफ किया कि ताकत अकेले काम नहीं आएगी, बल्कि उसे धर्म और सदाचार के साथ जोड़ना होगा। 'सिर्फ बल हो और कोई दिशा न हो, तो वह हिंसक बन जाता है। इसलिए बल और धर्म दोनों साथ-साथ होने चाहिए'। उन्होंने कहा कि जब कोई विकल्प न हो, तो दुष्ट शक्तियों का खात्मा बलपूर्वक करना ही पड़ता है। 'हम ये ताकत दुनिया पर राज करने के लिए नहीं चाहते, बल्कि इसलिए कि हर कोई शांति, स्वास्थ्य और सम्मान से जी सके।'

### बांग्लादेश के हिंदुओं का उदाहरण

उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में कहीं भी अगर हिंदुओं पर अत्याचार होता है, तो उनके लिए काम किया जाएगा — लेकिन अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए। भागवत ने बताया कि बांग्लादेश में जब हाल में हिंदुओं पर अत्याचार हुआ, तो भारत में लोगों ने जिस तरह नाराजगी जाहिर की, वह पहले कभी नहीं देखा गया। 'अब बांग्लादेश के हिंदू भी कहने लगे हैं कि हम भागेंगे नहीं, अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे।'

### आने वाले 25 सालों का लक्ष्य

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि आने वाले 25 वर्षों में संगठन का संकल्प है – पूरे हिंदू समाज को एक करना और भारत को विश्वगुरु बनाना। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि वह अपने निजी, पारिवारिक, सामाजिक और व्यावसायिक जीवन में धार्मिक मूल्यों को अपनाए, जो हिंदुत्व से जुड़े हों। भागवत ने आगे कहा कि कृषि, औद्योगिक और वैज्ञानिक क्रांतियां हो चुकी हैं। अब दुनिया को धार्मिक क्रांति की जरुरत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यहां 'धर्म' से मतलब किसी मजहब से नहीं, बल्कि मानव जीवन को सत्य, पवित्रता, करुणा और तपस्या के आधार पर पुनर्गठित करने से है। उन्होंने कहा, 'दुनिया एक नया रास्ता तलाश रही है, और वह रास्ता भारत को दिखाना ही होगा। यह हमारा दैवीय कर्तव्य है'।

# कर्नाटक : 18 भाजपा विधायकों का निलंबन रद्द

## विधानसभा अध्यक्ष ने छह महीने के लिए किया था निलंबित

**एजेंसी ● बंगलूरू**

कर्नाटक विधानसभा के 18 भाजपा विधायकों का निलंबन रद्द कर दिया गया है। कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष यूटी खदर ने रविवार को घोषणा की कि 18 बीजेपी विधायकों का छह महीने का निलंबन वापस ले लिया गया है। यह निर्णय मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार, विपक्ष के नेता आर. अशोक, और विधि व संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल के साथ बैठक के बाद लिया गया।

गौरतलब है कि 21 मार्च को विधानसभा की कार्यवाही के दौरान अनुशासनहीनता और अध्यक्ष के प्रति असम्मान दिखाने के आरोप में इन 18 विधायकों को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था। उस दिन कुछ बीजेपी विधायक अध्यक्ष की कुर्सी के पास पहुंच गए थे, मंच पर चढ़ गए थे और कागज फेंके थे। उन्हें सदन से बाहर निकालने के लिए मार्शलों का इस्तेमाल करना पड़ा था।

विधानसभा अध्यक्ष खदर ने कहा, 'हालांकि निलंबन का प्रस्ताव मैंने रखा था, लेकिन सदन ने इसे एक प्रस्ताव के माध्यम से पारित किया था। आज मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, कानून मंत्री और विपक्ष के नेता ने मुझसे चर्चा की और यह तय किया गया कि निलंबन और इससे जुड़ी शर्तों को वापस लिया जाए और सभी विधायकों को फिर से सदन में काम करने दिया जाए।'

**'वे विधायक हमारे मित्र हैं, दुश्मन नहीं':** उन्होंने यह भी कहा कि निलंबन खुशी-खुशी वापस लिया गया है और अब कोई शर्त लागू नहीं है। वे विधायक हमारे मित्र हैं, दुश्मन नहीं। यह घटना क्षणिक भावावेश में घटित हुई थी। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए मुझे सख्त कदम उठाने पड़े। उन्होंने बताया कि विधायकों ने अपनी गलती स्वीकार की और समझा कि निलंबन के कारण वे समिति बैठकों और आधिकारिक दौरों में शामिल नहीं हो सकते, जिससे असहज स्थिति उत्पन्न हो सकती थी। अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि भविष्य में ऐसे व्यवहार की पुनरावृत्ति नहीं होगी। विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी बताया कि विपक्ष के नेता अशोक ने कई बार उनसे संपर्क किया और पत्र के माध्यम से खेद जताया। इसके अलावा राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने भी मुख्यमंत्री और अध्यक्ष को पत्र लिखकर निलंबन को वापस लेने की अपील की थी। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, शोभा करंदलाजे समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने भी संपर्क किया था। जब खदर से पूछा गया कि क्या निलंबन वापस लेने का फैसला कोर्ट जाने के डर से लिया गया? तो उन्होंने कहा, ऐसी बातों पर चर्चा करने की कोई जरूरत नहीं है। स्पीकर के पास कुछ अधिकार होते हैं।

## सीडीएस चौहान ने की उत्तरी-पश्चिमी कमानों की रणनीतिक समीक्षा

**नई दिल्ली**। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में भारतीय सेना की युद्ध कौशलता और तत्परता की रणनीतिक समीक्षा की। इस दौरान सीडीएस चौहान ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में समग्र तालमेल और समय पर कार्यों को पूरा करने के लिए दोनों कमानों की सराहना की। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उत्तरी और पश्चिमी कमान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऑपरेशन के दौरान प्रमुख भूमिका निभाने वाली दो महत्वपूर्ण कमानों के अलग-अलग दौरों में जनरल चौहान ने समग्र तालमेल की क्षमता की भी प्रशंसा की। सेना के अनुसार, सीडीएस ने रणनीतिक समीक्षा और परिचालन मूल्यांकन के दौरान विकसित हो रहे खतरों से निपटने के लिए निरंतर सतर्कता, संयुक्त कार्रवाई क्षमता और सेवाओं के बीच तालमेल के महत्व पर जोर दिया।


### लालू ने तेज प्रताप को पार्टी और परिवार से निकाला :कहा-

# बड़े बेटे की हरकत गैरजिम्मेदाराना

**एजेंसी ● पटना**

आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निकाल दिया है। लालू ने इसकी जानकारी फेसबुक पर पोस्ट करके दी। तेजप्रताप यादव के एक महिला के साथ फोटो और वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसमें वह एक लड़की के साथ दिख रहे हैं। यूजर्स तेजप्रताप की दूसरी शादी का दावा कर रहे हैं।

लालू प्रसाद ने लिखा- 'निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया जाता है।' अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद।



तेजप्रताप की नई रिलेशनशिप की चर्चा शनिवार शाम उनके फेसबुक अकाउंट से पोस्ट की गई एक तस्वीर से शुरू हुई। इसमें लिखा गया था कि, 'मैं 12 साल से अनुष्का यादव के साथ रिलेशनशिप में हूं।' कुछ देर बाद इस पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। पोस्ट के करीब 5 घंटे बाद तेजप्रताप ने अपने X अकाउंट से पोस्ट कर कहा कि मेरा अकाउंट हैक कर लिए गया है। ये फर्जी पोस्ट है और फोटो एडिट की गई है। हालांकि उनके इस दावे के बाद 6 फोटो और दो वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसमें उनकी शादी से लेकर करवा चौथ मनाने तक के दावे किए जा रहे हैं।

### कौन हैं अनुष्का यादव

तेजप्रताप की कथित गर्लफ्रेंड अनुष्का यादव पटना की ही रहने वाली हैं। बताया जाता है कि अनुष्का का भाई पहले RJD के युवा विंग में था। भाई के राजद में रहते हुए ही तेजप्रताप और अनुष्का एक-दूसरे के करीब आए। हालांकि, बाद में उसे पार्टी से निकाल दिया गया था। अभी वो पशुपति पारस की पार्टी में है।

### पहली पत्नी की मां बोलीं- हमको पहले से पता था

तेजप्रताप यादव की शादी मई 2018 में पूर्व सीएम दरोगा राय की पोती ऐश्वर्या राय से हुई है। दोनों के बीच तलाक का मामला कोर्ट में चल रहा है। फोटो वायरल होने के बाद भास्कर ने ऐश्वर्या राय के पिता चंद्रिका राय को फोन किया, जो उनकी पत्नी (ऐश्वर्या की मां) पूनम राय ने रिसीव किया। उन्होंने कहा- हमको ये सब पहले से पता था। सब लोगों को पता है, इसमें छुपा क्या है। आगे नो कमेंट।

### सार्थक और सफल रहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दो दिवसीय नई दिल्ली प्रवास

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की सौजन्य भेंट

**संवाददाता ● भोपाल**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट एवं चर्चा की। इसके पहले शनिवार को नीति आयोग की गवर्निंग बॉडी की बैठक में प्रधानमंत्री श्री मोदी की मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भेंट हुई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दो दिवसीय नई दिल्ली प्रवास सार्थक और सफल रहा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की शासी परिषद (गवर्निंग काउंसिल) की 10वीं बैठक में भाग लिया। यह बैठक 'विकसित राज्य फॉर विकसित भारत @2047' थीम पर केंद्रित थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में शामिल होकर प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का मार्गदर्शन प्राप्त किया और इस बैठक को भारत के भविष्य निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में सभी राज्य 'टीम इंडिया' की भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज मध्यप्रदेश विकास और लोक कल्याण के संकल्प पथ पर अग्रसर है और निरंतर नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण के विजन से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की प्रथम पंक्ति में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी और उनका आभार माना। अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों द्वारा भी प्रधानमंत्री जी को बधाई दी गई। आधुनिक तकनीक की मदद से आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारना एक बड़ी उपलब्धि है।

नीति आयोग की बैठक में मध्यप्रदेश सरकार की ओर से विभिन्न विकास परक कार्यों और योजनाओं की उपलब्धि विस्तार से सबके सामने रखी गई। बैठक में सभी सहभागियों ने एक स्वर में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था को 30 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। मध्यप्रदेश देश की अर्थ व्यवस्था में 2 ट्रिलियन डालर का योगदान देगा। प्रधानमंत्री जी ने राज्यों से आव्हान किया है कि इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए सभी राज्य अपना-अपना योगदान दें। जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब, किसान (अन्नदाता), महिला और युवाओं को लाभ दिया जाए। मेड इन इंडिया (स्वदेशी) को बढ़ावा देते हुए स्वास्थ्य से लेकर सभी क्षेत्रों में योजनाएं तैयार की जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रवासियों से निरंतर संवाद के माध्यम 'मन की बात' के 122वीं कड़ी का रविवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान श्रवण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण करने के पश्चात कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन संवाद का अनूठा माध्यम है। यह कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण की दिशा में सामूहिक चेतना जागृत करने का अनुपम प्रयास है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम युवा शक्ति, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और नवाचार से लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने वाला संवाद कार्यक्रम है, जो राष्ट्रवासियों को नई ऊर्जा और दिशा देता है। प्रधानमंत्री जी के ओजस्वी, प्रेरणादायक और दूरदर्शी विचार राष्ट्र सेवा, सामाजिक जागरूकता और जनहित में कार्य करने की सतत प्रेरणा देते रहते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की नई दिल्ली प्रवास के दौरान अनेक राष्ट्रीय नेताओं, अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मध्यप्रदेश के सांसदगण, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से मुलाकात और बातचीत हुई।

### साइकिल मैराथन रैली एवं चुनाभट्टी, कोलार क्षेत्र में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ

# विशाल नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा परामर्श शिविर

**संवाददाता ● भोपाल**







**आयोजन**

स्पोर्ट्र्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया, फिट इंडिया एवं सेंट्रल ग्रुप इंडिया के द्वारा मीडिया फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में मध्यप्रदेश के भोपाल शहर में पहली बार साइकिल मैराथन रैली, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के साथ-साथ जनसुनवाई कार्यक्रम का भी आयोजन एक साथ किया गया। शिविर में कोलार क्षेत्र की 500 से अधिक जनता ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और मल्टीस्पेशलिटी डॉक्टर्स के परामर्श, दवाइयां, हार्ट की जांच जैसे ईसीजी, खून की जांचें और शिविर में उपलब्ध अन्य पूर्ण रूप से निःशुल्क सुविधाओं का लाभ लिया। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम के तत्पश्चात क्षेत्र के विधायक एवं मध्यप्रदेश सरकार के पदाधिकारियों ने जनसुनवाई के माध्यम से आम जनता की समस्या का निवारण भी किया एवं उनके द्वारा कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गई। मैराथन साइकिल रैली में भाग लेने वाले समस्त साइकिलिस्ट को सेंट्रल ग्रुप, इंडिया के द्वारा स्मृति चिन्ह और मेंडल का भी वितरण किया गया।

अधिक जानकारी देते हुए डॉ. नितिन वर्मा द्वारा मीडिया को यह जानकारी दी गई कि, सीएसआर एक्टिविटीज के माध्यम से 400 खाने के पैकेट के साथ-साथ स्वल्पाहार का भी आयोजन शिविर में मोजूद सभी लोगों लिए किया गया। सेंट्रल ग्रुप, इंडिया के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नितिन वर्मा ने बताया कि इस पूरे आयोजन में मुख्य रूप से विधायक भगवान दास सबनानी, करनल आशीष जून, माननीय डॉ. अजय शंकर मेहता, माननीय एस एन सिंह एवं स्पोर्ट्र्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। डॉ. वर्मा ने जानकारी यह भी बताया कि साइकिलिंग मैराथन के समापन पॉइंट पर सभी एक्टिव साइकिलिस्ट का मान सम्मान किया गया और उनको स्वल्पाहार भी प्रदान किया गया एवं क्षेत्र के विधायक भगवान दास सम्माननीय ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया एवं कोलार क्षेत्र की जनता ने शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ भी लिया।

## शॉर्ट न्यूज

### मोहसिन खान पर चौथी एफआईआर धोखाधड़ी की

**इंदौर।** शूटिंग एकेडमी में छात्राओं के साथ अश्लील हरकत और रेप के मामले में गिरफ्तार मोहसिन खान पर अब धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। इसे मिलाकर मोहसिन पर चार केस दर्ज हो चुके हैं। धोखाधड़ी का केस ध्रुव महाजन ने शुक्रवार रात को दर्ज कराया। इस मामले में भी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि ध्रुव महाजन साल 2018 में मोहसिन की एकेडमी में जाता था। वह वहां ट्रेनिंग ले रहा था। मोहसिन ने पहले तो उसे अपने झांसे में लिया कि तुम्हारा खेल काफी अच्छा है। आगे तक जा सकते हो और परफॉर्मेंस काफी अच्छा हो सकता है। बस अच्छी राइफल खरीद लो। मोहसिन की बातों में आकर फरियादी ने उसे 2 लाख 80 हजार रुपए राइफल के लिए दे दिए।

### 1.048 किलोग्राम चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने 1.048 किलोग्राम चरस के साथ शनिवार रात दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में अब्दुल रईस (48 वर्ष) निवासी बड़वानी और मोहम्मद बाबर (40 वर्ष) निवासी मल्हार पलटन शामिल हैं। दोनों आरोपी चरस की सप्लाई के इरादे से इंदौर आए थे। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान लक्ष्मीबाई नगर रोड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में एक संदिग्ध कार नजर आई। कार में बैठे दोनों व्यक्ति पुलिस को देखकर घबरा गए, जिससे संदेह और गहरा गया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर कार को रोका और तलाशी ली। जिसमें उनके पास से 1.048 किलोग्राम चरस बरामद हुई।

### मंत्री सारंग ने की घोषणा : स्विमिंग एकेडमी होगी शुरू

# प्रकाश तरुण पुष्कर अब मध्यप्रदेश के खेल विभाग के अंतर्गत आएगा



**संवाददाता ● भोपाल**

**घोषणा**

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने घोषणा की कि प्रकाश तरण पुष्कर अब मध्यप्रदेश के खेल विभाग के अंतर्गत आएगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इसके लिए प्रयास किया जा रहे थे। जल्दी हम इसे खेल विभाग के अंतर्गत शामिल कर स्विमिंग अकादमी की शुरुआत करेंगे। मंत्री श्री सारंग रविवार को भोपाल जिला तैराकी प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रकाश तरण पुष्कर में पहले से काम कर रहे कर्मचारियों को निकाला नहीं जाएगा। मंत्री सारंग ने कहा कि प्रकाश तरण पुष्कर का संचालन अभी तक पीडब्ल्यूडी द्वारा संचालित किया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी है, जल्द से जल्द प्रकाश तरुण पुष्कर को खेल विभाग के अंतर्गत लेकर आएंगे। यहां जल्द ही एक व्यापक सुव्यवस्थित स्विमिंग अकादमी की शुरुआत की जाएगी। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि इस स्विमिंग अकादमी में देश के बड़े स्तर के प्रशिक्षक लेकर आएंगे। स्विमिंग ऐसा खेल है जिसमें मध्य प्रदेश का अभी कोई स्थान नहीं है। इस अकादमी की स्थापना से मध्य प्रदेश के होनहार खिलाड़ियों की प्रतिभाएं सामने आएंगी। प्रदेश में तैराकी के लिए एक उपयुक्त स्थान शहर के बीचो-बीच मिल जाएगा। इसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी। यहां की फैकल्टी को भी लाभ मिलेगा और आने वाले समय में मध्य प्रदेश स्विमिंग के मामले में तेजी से अग्रणी होगा।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई पर

## कायस्थम आयोजित करेगा शरद श्रीवास्तव के फोटोग्राफ की दो दिवसीय प्रदर्शनी

**संवाददाता ● भोपाल**

कायस्थम मध्य प्रदेश द्वारा आगामी 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर संस्था के फोटोग्राफर शरद श्रीवास्तव के बोलते छायाचित्रों की दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। नशा छोड़ो घर जोड़ो के तहत आयोजित यह प्रदर्शनी 30 और 31 मई को भोपाल के शिवाजी नगर स्थित दुष्यंत कुमार पांडुलिपि स्मारक संग्रहालय (साढ़े छह नंबर) में आयोजित होगी। प्रदर्शनी का शुभारंभ 30 मई को शाम 4 बजे पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल करेंगे। भोपाल दक्षिण पश्चिम के विधायक श्री भगवान दास सबनानी भी इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। दोनों दिन प्रदर्शनी का समय शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक का रहेगा। 31 मई को प्रदर्शनी का समापन होगा। प्रदर्शनी का अवलोकन करने अनेक विशिष्टजन आएंगे। कायस्थम ने सभी से अनुरोध किया है कि नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ कायस्थम द्वारा उठाए गए कदम में भागीदार बने और प्रदर्शनी काअवलोकन करने अवश्य आएं। कोई भी नशा, तंबाकू या सिगरेट, शराब का सेवन समाज के ऊपर कलंक है। कायस्थम इस कलंक को धोना चाहता है। इसके लिए शरद के फोटोग्राफ समाज को तंबाकू और अन्य प्रकार के नशे से दूर रहने की प्रेरणा देते है। कायस्थम की सचिव डॉ.रश्मि सक्सेना ने बताया कि कायस्थम द्वारा अपने उद्देश्यों में सामाजिक और रचनात्मक कार्यों को भी शामिल किया गया है। इसी के तहत यह प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है।

## भारत गौरव डीलक्स एसी ट्रेन से भारत-भूटान मिस्टिक माउंटेन टूर करने का मौका

**संवाददाता ● भोपाल**

भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से भारत-भूटान मिस्टिक माउंटेन टूर की एक अनोखी और अविस्मरणीय यात्रा 28 जून 2025 से प्रारंभ हो रही है। यह विशेष यात्रा दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से शुरू होगी और पूर्वोत्तर भारत की आध्यात्मिक, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत को समेटते हुए भूटान के शांत और सुरम्य स्थलों तक यात्रियों को लेकर जाएगी।

इस यात्रा का पहला पड़ाव गुवाहाटी होगा, जहाँ यात्री नीलाचल पहाड़ियों में स्थित प्राचीन और पवित्र कामाख्या मंदिर के दर्शन करेंगे। यह मंदिर भारत के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है और देवी उपासकों के लिए श्रद्धा का केंद्र है। गुवाहाटी से आगे यात्रा शिलांग की ओर बढ़ेगी, जिसे 'पूर्व का स्कॉटलैंड' कहा जाता है। यहाँ यात्री प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता का आनंद लेंगे। इसके बाद चेरापूंजी की एक दिवसीय यात्रा कराई जाएगी, जहाँ 'सेवन सिस्टर्स जलप्रपात', 'नोहकलिकाई फॉल्स' और 'एलिफेंट फॉल्स' जैसे विख्यात प्राकृतिक स्थल यात्रियों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके बाद समूह शिलांग वापस लौटेगा।

इसके बाद यात्रा अपने अंतरराष्ट्रीय चरण में प्रवेश करेगी। पश्चिम बंगाल के हासीमारा रेलवे स्टेशन पर उतरने के पश्चात यात्री सड़क मार्ग द्वारा भूटान में प्रवेश करेंगे, जहाँ वे फुंटशोलिंग के रास्ते थिंपू पहुँचेंगे। थिंपू पहुँचने के बाद यात्रियों को आसपास के वातावरण को जानने और स्थानीय संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलेगा, रात्रि विश्राम की व्यवस्था वहीं होगी।

थिंपू में स्थानीय महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण कराया जाएगा, जिसमें मोतीथांग चिड़ियाघर, नेशनल लाइब्रेरी, पारंपरिक चित्रकला विद्यालय, हस्तशिल्प बाज़ार और भव्य चोए द्ज़ोंग जैसे स्थल शामिल हैं। इसके बाद यात्रा हिमालय की बर्फीली चोटियों से होते हुए ऐतिहासिक दोचू ला दर्रा के माध्यम से पुनाखा की ओर बढ़ेगी। पुनाखा में यात्री प्रसिद्ध पुनाखा द्ज़ोंग देखेंगे, जो फो चू (पुरुष नदी) और मो चू (स्त्री नदी) के संगम पर स्थित है और भूटान के सबसे सुंदर व विशाल द्ज़ोंग में से एक माना जाता है।

भूटान यात्रा का अंतिम चरण पारो में सम्पन्न होगा, जो अपनी सीढ़ीनुमा धान के खेतों, पारंपरिक फार्महाउसों और गहन आध्यात्मिक वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। पारो में यात्रा के दौरान यात्रियों को लामपेरी रॉयल बॉटनिकल पार्क, भूटान की UNESCO टेंटेटिव सूची में शामिल तामचोग ल्हाखांग आयरन ब्रिज, विश्वप्रसिद्ध टाइगर्स नेस्ट मठ (तकत्संग ल्हाखांग) और भूटान का राष्ट्रीय संग्रहालय देखने को मिलेगा, जो इस हिमालयी राष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रदान करता है। यात्रा को और अधिक यादगार बनाने के लिए यात्रियों को भूटान के राष्ट्रीय खेल तीरंदाज़ी (आर्चरी) का अनुभव कराया जाएगा, साथ ही पारंपरिक हॉट स्टोन बाथ में विश्राम की सुविधा भी दी जाएगी। इसके पश्चात समूह भूटान से विदा लेकर भारत लौटेगा और अगले दिन दिल्ली पहुँचेगा।

यह सुव्यवस्थित टूर पैकेज ट्रेन यात्रा (विभिन्न श्रेणियों में), 3-स्टार श्रेणी के होटलों में रात्रि विश्राम, सभी दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, शुद्ध शाकाहारी भोजन और ऑनबोर्ड व ऑफबोर्ड सुविधाओं के साथ एक समृद्ध और निर्बाध अनुभव प्रदान करता है। अधिक जानकारी और बुकिंग के लिए www.irctctourism.com/bharatgaurav पर विजिट करें।

## टीबी उन्मूलन में इंडियन ऑयल का बड़ा योगदान, राज्य सरकार ने किया सम्मानित

**संवाददाता ● भोपाल**



**समारोह**

मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य में तपेदिक(टीबी) उन्मूलन के प्रयासों में इंडियनऑयल के अहम योगदान को मान्यता दी है।राजधानी भोपाल में आयोजित एक समारोह में माननीय राज्यपाल मंगुभाई पटेल औरमाननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंडियनऑयल को सम्मानित किया। इंडियनऑयल ने राज्य सरकार के राष्ट्रीयटीबी उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) कोसशक्त बनाने हेतु 100 पोर्टेबलमॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक मशीनें (TrueNat) और 52 हैंडहेल्डएक्स-रे डिवाइस उपलब्ध कराए हैं, जिससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में त्वरित और सटीक जांच संभव हो पाई है। इंडियनऑयलकी ओर से पी. के. सकलेचा, महाप्रबंधक (एचआर-सीएसआर) और श्रेयांश दीक्षित, मुख्य प्रबंधक (एचआर-सीएसआर) ने यह सम्मान प्राप्त किया।जुलाई 2024 में इंडियनऑयल ने राज्य एनटीईपी सेल केसाथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) परहस्ताक्षर किए थे, जिसकेतहत प्रदेश में टीबी जांच की क्षमता को बढ़ाया गया। इन अत्याधुनिक उपकरणों केमाध्यम से फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मियों को शुरुआती स्तर पर टीबी के मामलों की पहचान करने और समय रहते इलाज शुरू करने में मदद मिल रही है।इस पहल के तहत अब तक लगभग 3.44 लाख लोगों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 22,000 से अधिक टीबी पॉजिटिव मरीजों की पहचान हुई है। इससे ग्रामीणएवं संवेदनशील इलाकों में समय पर हस्तक्षेप कर कई बहुमूल्य जीवन बचाए जा सके हैं और संक्रमण की श्रृंखला को भी तोड़ा गया है। ये डिवाइस मध्य प्रदेश के करीब 50 जिलों में लगाए गए हैं। इस अवसर पर इंडियन ऑयल के मुख्य महाप्रबंधक एवं राज्य प्रमुख श्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, "इंडियनऑयल हमेशा सामुदायिक कल्याण केकार्यों में अग्रणी रहा है। 'टीबी मुक्त भारत' अभियान में हमारा सहयोग राष्ट्रहितको सर्वोपरि मानने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।"यह पहल प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीद्वारा 2025 तक भारत को टीबीमुक्त बनाने के लक्ष्य के अनुरूप है। इससे पहले वर्ष 2022 में इंडियन ऑयल ने स्वास्थ्य एवं परिवारकल्याण मंत्रालय की केंद्रीय टीबी प्रभाग तथा उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यसरकारों के साथ भी एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे। इंडियनऑयल देश की स्वास्थ्य संबंधीआवश्यकताओं को तकनीकी-सशक्त और सतत पहलों के माध्यम से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे समाज को सशक्तबनाया जा सके और नागरिकों के जीवन में सुधार लाया जा सके।

### आज से नौतपा, इंदौर में तेज धूप नहीं, बारिश होगी

# 4 दिन तक आंधी का भी अलर्ट; दो दिनों से तापमान 34 डिग्री सेल्सियस

**संवाददाता ● इंदौर**



इंदौर में इन दिनों तापमान में गिरावट है। दो दिनों से पारा 34 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। इसके साथ ही दिन में बादलों के साथ काफी उमस है। आज से नौतपा शुरू हो रहा है लेकिन मौसम एकदम बदला हुआ है। सुबह से बादल छाए हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने आज तेज आंधी के साथ बारिश के आसार जताए हैं।

दरअसल, इस बार मई बारिश के सीजन के जैसा ही रहा है। नौतपा में इस बार आंधी-बारिश वाला मौसम रहेगा। इस दौरान हवा की रफ्तार 30 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है। इससे पहले शनिवार को भी इंदौर में तेज हवा चली और बादल छाए थे। आज भी मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही है।

दिन का तापमान 34.4 (-6) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था जबकि रात का तापमान 26.4 (+1) डिग्री सेल्सियस था। शनिवार को दिन का तापमान 34.9 (-5) डिग्री सेल्सियस रहा जबकि रात का तापमान 26.5 (+1) डिग्री सेल्सियस रहा। इस तरह दिन का तापमान सामान्य से 5 डिग्री कम और रात का तापमान सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा है। शनिवार शाम को बादलों के छाने के साथ बारिश के आसार बने लेकिन नहीं हुई। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा के मुताबिक दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक ट्रफ की वजह से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। इस वजह से आने वाले चार दिन तक आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में तेज हवा के साथ बारिश के आसार हैं।

### हैकर बोला– 'राशि नहीं दी तो डेटा पब्लिश कर दूंगा'

# कंपनी पर रैनसमवेयर अटैक, सर्वर हैक

**संवाददाता ● इंदौर**




**हेकिंग**

इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी के मेन सर्वर को हैक कर लिया गया। हैकर्स ने सर्वर की स्क्रीन पर धमकी भरा मैसेज दिखाया, जिसमें कहा गया कि डेटा चोरी कर लिया गया है। अगर फिरौती (रैनसम) नहीं दी गई, तो पूरा डेटा सार्वजनिक कर दिया जाएगा। कंपनी के जीएम की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है।

**आईटी सिस्टम पूरी तरह लॉक** – यह साइबर हमला 22 मई की सुबह उस समय सामने आया जब कंपनी के जीएम कार्यालय पहुंचे। उन्हें आईटी विभाग के इंचार्ज ने बताया कि पूरा सिस्टम लॉक हो गया है और कोई भी कंप्यूटर काम नहीं कर रहा। सर्वर की स्क्रीन पर एक इंग्लिश मैसेज लिखा था – "Your data has been stolen. If you don't pay the ransom, your data will be published."हैकर ने मैसेज के साथ दो ईमेल आईडी भी शेयर कीं –MichaelEhoseal1982@cock.li, MichaelEhoseal1982@protonmail.com इन्हीं आईडी के ज़रिए हैकर ने संपर्क करने को कहा है।

### रैनसमवेयर अटैक की पुष्टि

एडिशनल डीसीपी (क्राइम ब्रांच) राजेश दंडोतिया ने बताया कि यह एक रैनसमवेयर अटैक है, जो काफी खतरनाक माना जाता है। इसमें हैकर सर्वर को लॉक कर देता है और फाइलों तक पहुंच बंद हो जाती है। यदि सुरक्षा प्रणाली मजबूत न हो, तो ऐसे हमलों का पता लगाना भी मुश्किल होता है। फिलहाल क्राइम ब्रांच की एक टीम जांच में जुटी है और पता लगाया जा रहा है कि सर्वर हैक किस माध्यम से किया गया। दूसरी ओर, कंपनी के अधिकारी और आईटी टीम डेटा रिकवरी की कोशिशों में लगी है।

## यूपीएससी : 36 केंद्रों पर 14 हजार परीक्षार्थी आएंगे, किसी को नहीं होगी परेशानी

# लाइट गुल की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था करेगा प्रशासन

संवाददाता ● इंदौर

सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के लिए शनिवार को इंदौर में संभागायुक्त दीपक सिंह ने बैठक ली। नीट यूजी की परीक्षा में बिजली गुल होने का असर बैठक में भी दिखा। संभागायुक्त ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित सभी परीक्षा केन्द्रों पर विद्युत व्यवस्था प्रातः 7 बजे से शाम 7 बजे तक निरन्तर जारी रखें। परीक्षा केन्द्रों पर वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था भी रखी जाए। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पीने के पानी की व्यवस्था, रास्ते की सफाई एवं परिसर में स्थित शौचालय की सफाई कराई जाए।

**परेशानी**

परीक्षा रविवार, 25 मई 2025 को आयोजित हो रही है। इसके लिए 9.48 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। इसका आयोजन देश के 80 केन्द्रों के 2368 स्थलों पर किया जा रहा है। बैठक में संभागायुक्त सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि देश की शीर्ष स्तरीय परीक्षाओं में से एक संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा है। इस परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित होने के लिए जरूरी है कि सभी तरह की व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। बैठक में एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह, उपायुक्त राजस्व शैली कनाश, संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली के उप सचिव नीरज कुमार, आईडीए के सीईओ आर.पी. अहिरवार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इंदौर केन्द्र से परीक्षा के संचालन का संपूर्ण प्रभार संभागायुक्त इंदौर को परीक्षा समन्वयक अधिकारी के रूप में सौंपा गया है।

परीक्षा के सुचारू संचालन के निरीक्षण हेतु संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोग के उप सचिव नीरज कुमार को निरीक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा परीक्षा के दौरान निरीक्षण हेतु अपर आयुक्त नगर निगम अभिलाष मिश्रा और आईडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. अहिरवार को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। संभागायुक्त द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा केन्द्र की संपूर्ण व्यवस्था हेतु स्थानीय निरीक्षण अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। बैठक में उपायुक्त राजस्व शैली कनाश ने बताया कि इंदौर संभाग के अंतर्गत सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा का आयोजन इंदौर केन्द्र क्रमांक 78 के कुल 36 परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। इंदौर केन्द्र के 36 परीक्षा केन्द्रों पर 14 हजार 692 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा दो सत्रों में होगी। पहला सत्र प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक और द्वितीय सत्र दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक रहेगा।



### अभ्यर्थियों के लिए ये हैं कुछ जरूरी बातें

1. 30 मिनट पहले अभ्यर्थी का प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी उम्मीदवार को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।
2. आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किए गए ई-प्रवेश पत्र के आधार पर ही प्रवेश स्थल पर प्रवेश की अनुमति रहेगी।
3. केवल पेन, पेंसिल, ई-प्रवेश पत्र, स्व-फोटो, पहचान पत्र या ई-प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट कोई अन्य सामान ही परीक्षा स्थल के अंदर ले जाने की अनुमति रहेगी। केलकुलेटर ले जाने की अनुमति नहीं होगी।
4. परीक्षा केन्द्र के अंदर मोबाइल फोन, आईटी गैजेट्स, डिजिटल घड़िया, स्मार्ट घड़िया, ब्लू टूथ, कोई अन्य संचार उपकरण, बैग आदि प्रतिबंधित रहेगा।
5. अभ्यर्थियों द्वारा लाए गए किसी भी सामान को परीक्षा स्थल पर रखने के लिए परीक्षा स्थल पर केन्द्राध्यक्ष द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों को प्रवेश स्थल के बाहर स्वयं अपनी व्यवस्था करनी होगी। किसी भी नुकसान के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा।
6. अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे ई-प्रवेश पत्र में उल्लेखित पहचान पत्र अपने साथ लाएं। यदि कोई अभ्यर्थी पहचान पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है या ई-प्रवेश पत्र में उल्लेखित पहचान पत्र के अलावा कोई अन्य पहचान पत्र प्रस्तुत करता है तो केन्द्राध्यक्ष द्वारा अभ्यर्थी से इस आशय का वचन पत्र प्राप्त करके आयोग को भेजेगा।

## शॉर्ट न्यूज

### 3 लाख की 21 पेटी बीयर, 2 पेटी रेड लेबल व्हिस्की जब्त

**इंदौर।** आबकारी विभाग की टीम ने 21 पेटी बीयर और 2 पेटी रेड लेवल विस्की बरामद की है। हरियाणा से लाई गई यह शराब एक फ्लैट से बेची जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर आबकारी की टीम ने फ्लैट पर दबिश दी तो आरोपी नीतेश वहीं मिला। पकड़ी गई शराब की कीमत करीब 3 लाख रुपए है। मामले में नीतेश के दो साथियों की तलाश की जा रही है। वहीं उसका पुराना रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी देवेश चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपी नीतेश पिता मुकेश फ्लैट से शराब की सप्लाई कर रहा था। टीम ने आरोपी को पकड़ते हुए फ्लैट की सर्चिंग की, तो बीयर की बोतलें और केन मिलीं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि एक ऑटो में भी कुछ माल छिपाकर रखा गया है। टीम ने ऑटो और फ्लैट से 21 पेटी बीयर, 2 पेटी रेड लेवल विस्की बरामद कर ली।

### युवाओं ने सेना को खून से लिखा पत्र, भेजेंगे पीएम को

**इंदौर।** पाकिस्तान में छिपे आतंकियों के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर इंदौर के कुछ युवाओं और संस्था माता वसुंधरा सेवा समिति ने सम्मान दिया है। संस्था और विधायक रमेश मेंदोला फैंस क्लब के सदस्यों ने अपने खून से एक पत्र लिखकर भारतीय सेना को समर्पित किया है। इससे पहले भी पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में इंदौर में खून से हस्ताक्षर कर प्रधानमंत्री को पत्र भेजा गया था। खून से लिखा गया यह पत्र राजा कोठारी ने तैयार किया है। उन्होंने बताया कि संस्था के लता कैथवास, अश्विन उज्जैनकर, आकाश राठौर, अनीशा कोठारी और सोनू जायसवाल ने भी इस पत्र पर अपने खून से हस्ताक्षर किए हैं। पत्र में लिखा गया है- "ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य, साहस और देशभक्ति का प्रतीक है।

### ब्लड कैंसर पीड़ित ने बेटे को जहर देखकर खुद लगा ली फांसी

**इंदौर।** गोमा की फेल क्षेत्र में बबलेश उर्फ बबलू पिता तान्दाड़ ने आत्महत्या कर ली। उसने पहले चार साल के बेटे हरमन को जहर दिया। जब उसे लगा कि बेटे की मौत हो चुकी है तो फिर खुद फांसी पर झूल गया। परिजनों ने बताया कि बबलेश उसकी पत्नी और बेटे को टीबी हो चुकी थी। पिता और बेटा तो ठीक हो गए थे, लेकिन पत्नी को पिलिया भी हो गया था। उसकी तीन माह पहले मौत हो गई थी। बाद में बबलेश को डाक्टर ने ब्लड कैंसर भी बताया। बबलेश ने एक सुसाइड नोट भी लिखा। जिसमें कहा कि उसे ब्लड कैंसर हो गया है। उसके पास ज्यादा समय नहीं बचा है। मेरी मौत के बाद बेटे का ध्यान कौन रखेगा। इस कारण उसे भी मैं अपने साथ ले जा रहा हूं। 10 मई को बबलेश ने अपने बेटे का धूमधाम से जन्मदिन भी मनाया था। जब बबलेश ने घर पर फांसी लगाई तब घर पर दृष्टिहीन पिता भी थे।

## 30 वर्षीय महिला ने प्रेमजाल में फंसाया

# होटल में बुजुर्ग से बनाए संबंध, वीडियो का डर दिखाकर 24 लाख हड़पे

संवाददाता ● इंदौर

कनाडिया थाना क्षेत्र में 30 वर्षीय महिला ने 61 वर्षीय बुजुर्ग को अपने प्रेमजाल में फंसाकर अश्लील वीडियो बना लिए। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करीब 24 लाख की वसूली की। परेशान पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, जिसके बाद आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके बैंक खाते को सील कर 19 लाख रुपए फ्रीज कर लिए हैं। पुलिस के मुताबिक, 22 मई को मदन सिंह नामक बुजुर्ग ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी एक दुकान है जो उन्होंने किराए पर दी है। इसी दुकान पर काम करने वाली महिला ने उन्हें अपने प्रेमजाल में फंसाया।

**जांच**

### पहली मुलाकात में ही उज्जैन ले गई घुमाने

पीड़ित ने बताया कि 28 नवंबर 2023 को उनकी पहली मुलाकात महिला से हुई थी। दिसंबर 2023 में महिला ने उन्हें उज्जैन घूमने के लिए राजी किया। दोनों उज्जैन पहुंचे और एक होटल में रुके। वहां महिला ने उनके साथ संबंध बनाए और चुपके से उनकी फोटो और वीडियो रिकॉर्ड कर लिए। इसके बाद वीडियो का इस्तेमाल कर ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी। उज्जैन से लौटने के एक महीने बाद महिला ने वीडियो दिखाकर लगातार ब्लैकमेल करना



शुरू कर दिया। वह वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दो वर्षों में 24 लाख रुपए की वसूली कर चुकी थी। तंग आकर बुजुर्ग ने आखिरकार पुलिस की शरण ली। थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि जांच में महिला के खिलाफ लगाए गए आरोप सही पाए गए और उसके बैंक खाते फ्रीज कर 19 लाख रुपए जब्त किए गए हैं। मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस की जांच में यह भी पता चला कि आरोपी महिला पर पहले भी कनाडिया थाने में एक युवक के खिलाफ रेप का मामला दर्ज था, लेकिन बाद में उसने कोर्ट में बयान बदल दिया था। प्राथमिक जांच में पुलिस को यह जानकारी भी मिली कि महिला खासतौर पर संपन्न और प्रतिष्ठित पुरुषों को टारगेट करती थी। अब पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि क्या महिला ने इसी तरीके से और भी लोगों को फंसाया है।

# सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में गेस्ट्रो विभाग की हुई शुरूआत

संवाददाता ● इंदौर

सरकारी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में गैस्ट्रोसर्जरी विभाग की शुरूआत हो गई है। मरीजों का इलाज पूरी तरह मुफ्त में होगा। एमवाय की ओपीडी बिल्डिंग में हर मंगलवार और गुरुवार को गेस्ट्रो सर्जन उपलब्ध रहेंगे। गैस्ट्रो सर्जरी विभाग में सर्जिकल गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी ओपीडी एसोफैगस कैंसर, गैस्ट्रोइसोफेगल रिफ्लक्स रोग (जीईआरडी), पैप्टिक अल्सर रोग, पित्त पथरी, लिवर रोग, अग्नाशय विकार,पेट और पाचन तंत्र से जुडी छोटी और बड़ी आंत के सभी बीमारियां जैसे कैंसर, इंफ्लेमेटरी बीमारियों से जुड़े मरीजों का इलाज होगा। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि यहां अनुभवी गेस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जन इलाज करेंगे। अभी गेस्ट्रो सर्जन डॉ. केएस तिवारी को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही मरीजों के इलाज के दौरान गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, रेडियोलॉजी और ऑन्कोलॉजी की स्पेशल टेक्निक्स का उपयोग किया जाएगा। सर्जिकल गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी ओपीडी में लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के तहत लिवर, पैंक्रियाज (अग्नाशय) , गॉलब्लेडर (पित्ताशय) के कैंसर, कोलोरेक्टल कैंसर, डिवर्टिकुलिटिस, अल्सरेटिव कोलाइटिस आदि का इलाज होगा। आने वाले समय में लिवर ट्रांसप्लांट और रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत करने के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

**हर मंगलवार-गुरुवार को गेस्ट्रो सर्जन रहेंगे उपलब्ध**

## झमाझम बारिश और आंधी का अलर्ट

# इस बार नौतपा में भी भीगेगा शहर

### अब तक सवा छह इंच से अधिक पानी गिर चुका



संवाददाता ● इंदौर

शहर में बारिश ने मई माह में उमस और गर्मी के बीच राहत दी है। अब तक सवा छह इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की जा चुकी है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तेज हवाएं और आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। शहर में तेज हवाएं चलने से मौसम में हल्की ठंडक घुल गई। अब तक मई में 162.5 मिमी यानी सवा छह इंच से अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। मौसम विभाग ने आने वाले दो से तीन दिनों में तेज हवाएं और बारिश की संभावना जताई है। दिन का पारा 0.5 डिग्री गिरा और 34.9 पर आ गया, वहीं रात का पारा 2.3 डिग्री गिरा और 26.4 पर आ गया। पारे से थोड़ी राहत मिली और दिन का तापमान 1.9 डिग्री गिरकर 34.4 पर आ गया वहीं रात का पारा 0.7 डिग्री गिरकर 24.1 पर आ गया।

**अलर्ट**

### अगले दो से तीन दिन यही स्थिति रहेगी

मौसम विभाग के अनुसार अब दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक ट्रफ मध्यप्रदेश से होकर गुजर रहे हैं। इसके कारण प्रदेश में मौसम लगातार बदल रहा है। अनुमान है कि अगले दो से तीन दिन तक यही स्थिति बनी रहेगी। दिन का तापमान लगातार 36 डिग्री सेल्सियस से अधिक और रात का तापमान 23-24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया जा रहा है।

**तेज हवाओं के साथ राहत** - सुबह से मौसम साफ था, लेकिन दिनभर उमस ने लोगों को खासा परेशान किया। इसके विपरीत तेज हवाओं के साथ मौसम में राहत महसूस की गई। मौसम विभाग ने इंदौर और आसपास के क्षेत्रों के लिए तेज हवाओं और बारिश का अलर्ट जारी किया है। अरब सागर में एक मजबूत सिस्टम बना है। यह महाराष्ट्र, गोवा और गुजरात में सक्रिय है। इसका असर यहां भी दिखने लगा है। नौतपा में इस सिस्टम की वजह से ही बादल, बारिश और रफ्तार से हवा चलेगी। इस बार नौतपा की शुरुआत आंधी-बारिश के साथ हो सकती है। मौसम विभाग ने मई के अंतिम सप्ताह तक आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन सहित कुल 47 जिलों में तेज आंधी और बारिश का पूर्वानुमान जताया गया है।

## बीआरटीएस को लेकर हो रही मनमानी


# रैलिंग हटा नहीं पाए, लाइटिंग के लिए जारी कर दिए टेंडर!

संवाददाता ● इंदौर

कोर्ट की तरफ से बीआरटीएस हटाने की मंजूरी दो माह पहले मिल चुकी है, लेकिन अभी तक सिर्फ 500 मीटर के हिस्से की रैलिंग ही हट पाई। इस बीच अफसरों ने बीआरटीएस की नई सड़क के डिवाइडर और लाइटिंग के लिए टेंडर जारी कर दिए। अब नए सिरे से 11 किमी लंबी सड़क पर करोड़ों रुपये खर्च करने की तैयारी नगर निगम ने कर ली है। उधर बीआरटीएस की बस रैलिंग के लिए अभी तक कोई एजेंसी तैयार नहीं हुई है।

**टेंडर**

उसके बनने पर ढाई सौ करोड़ रुपये खर्च हुए थे और तोड़ने के लिए भी निगम टेंडर



जारी कर चुका है। अभी बस लेन तोड़ी नही गई, लेकिन उससे पहले डिवाइडर और सेंट्रल लाइटिंग के टेंडर आमंत्रित किए गए है। इस प्रोजेक्ट पर नगर निगम 11 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। बीआरटीएस की बस लेन हटने के बाद नगर निगम वहां सेंट्रल लाइट लगाएगा। इसके अलावा डिवाइडर भी बनाए जाएंगे। इसके लिए टेंडर जारी कर दिए गए, लेकिन सवाल यह है कि बीआरटीएस के चौराहों पर लोक निर्माण विभाग ब्रिज बनाएगा। इस कारण फिर डिवाइडरों और सेंट्रल लाइट को जंक्शन के आसपास हटाना पड़ सकता है। इस बारे में जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर ने कहा कि ब्रिज के समय फिर डिवाइडर तोड़े जा सकते है। इस कारण टेंडर में संशोधन किया है। इंदौर के निरंजनपुर चौराहा और भंवरकुआ चौराहे पर ब्रिज बनकर तैयार हो चुके है। वहां बस लेन का बड़ा हिस्सा तोड़ा गया है। नगर निगम ने बीआटीएस के जंक्शनों पर ब्रिज निर्माण के लिए फिजिबिलिटी सर्वे भी कराया है। अगले साल तक तीन चौराहों पर ब्रिज बनना शुरू हो जाएंगे।

# कांग्रेस बोली- मंत्री विजय शाह को ढूंढने वाले को देंगे 11 हजार का इनाम




संवाददाता ● इंदौर

मंत्री कुंवर विजय शाह के अचानक लापता हो जाने के बाद शहर कांग्रेस ने उनके गुमशुदगी के पोस्टर प्रमुख चौराहों पर चिपकाए हैं। इनमें लिखा है कि जो भी विजय शाह को ढूंढकर लाएगा, उसे 11 हजार का इनाम देंगे। पोस्टरों के माध्यम से कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधते हुए यह भी स्पष्ट किया है कि जब तक विजय शाह इस्तीफा नहीं देते, तब तक कांग्रेस अपना आंदोलन जारी रखेगी। जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यवाहक अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल ने बताया कि कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने के बाद से मंत्री विजय शाह गायब हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री शाह कैबिनेट की बैठक में भी उपस्थित नहीं थे और अब तक उनका कोई अता-पता नहीं है। हमें जानकारी मिली है कि वे भूमिगत हो गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि उनकी नसों में सिंदूर दौड़ रहा है, लेकिन इस समय 140 करोड़ देशवासियों की रगों में मंत्री का घटिया बयान दौड़ रहा है। पीएम को उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## जल्द शुभारंभ के साथ शुरू होगी बुकिंग

# सीनियर सिटीजन प्रोजेक्ट का काम समाप्ति की ओर

संवाददाता ● इंदौर

आईडीए द्वारा योजना स्कीम 134, स्टार चौराहा स्थित सीनियर सिटीजन प्रोजेक्ट का काम लगभग पूरा हो गया है। जल्द ही इसके शुभारंभ के साथ बुकिंग शुरू हो जाएगी। खास बात यह कि सीनियर सिटीजन के लिए यहां स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। आईडीए सीईओ आरपी अहिरवार ने प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया।

**सेवा**

उन्होंने बताया कि इसके संचालन के लिए एजेंसी की नियुक्ति कर ली है। एजेंसी जल्द ही अपना काम शुरू करेगी। भवन में सीनियर सिटीजन के संतुलित जीवन से संबंधित सभी सुविधाएं इस योजना में उपलब्ध होगी। इसके लिए टेंडर में आवश्यक निर्देश एवं शर्तों का समावेश किया गया है। एजेंसी को इसका पालन करना अनिवार्य होगा। भवन की लागत 18 करोड रु. है। इसके अंतर्गत एक बीएचके के 10 और दो बीएचके के 22 फ्लैट का निर्माण किया गया है। इसके



अलावा रोजमर्रा की जरूरत को पूरी करने के लिए आठ दुकानों का भी निर्माण किया गया है। इसमें कार पार्किंग और दो पहिया वाहन आदि का पर्याप्त समावेश किया गया है। सीनियर सिटीजन के लिए एक्टिविटी एरिया डायनिंग एरिया, किचन वॉश आदि का पर्याप्त प्रावधान किया गया है। भवन में इसके अलावा यहां डॉक्टर्स, फिजियोथैरेपी और अन्य अस्पताल से संबंधित सेवाओं का भी समावेश किया गया है। सुरक्षा के पूरे प्रबंध इस योजना में किए गए हैं। इसमें सीसीटीवी कैमरों से लेकर गार्ड आदि की व्यवस्था संपूर्ण समय रहेगी। एजेंसी द्वारा उद्घाटन बाद शीघ्र ही इसकी बुकिंग के लिए आवेदन लिए जाएंगे। आईडीए द्वारा एक कमेटी बनाई जाएगी जो समय-समय पर निरीक्षण करेगी।

# सफलता हमेशा त्याग के कंधे पर टिकी होती है

1981 की फिल्म ह्यएक दूजे के लिएह्व का एक दृश्य याद करें, जिसमें मायूस सपना (रति अग्निहोत्री) अपने कमरे की लाइट बार-बार बंद-चालू करके वासु (कमल हासन) को संकेत देती हैं। मुझे हाल ही में दक्षिण भारत के मंदिरों के शहर कुम्भकोणम- जो कि मेरा गृहनगर भी है- की अपनी यात्रा के दौरान यह याद आया। रात के 8 बज रहे थे और तेज हवा बह रही थी। स्ट्रीट लाइटें वही कर रही थीं, जो सपना ने वासु के लिए किया था। वे अचानक जल-बुझ जा रही थीं। जब वे बुझ जातीं तो सड़क पर अंधेरा छा जाता। मेरे पीछे 200 साल पुराना एक स्कूल था। मैंने 88 वर्षीय जे. नारायणन को देखा, जो कई शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम कर चुके सेवानिवृत्त पेशेवर हैं।

वे लोहे के एक गेट को पकड़कर अपना सिर उस पर टिकाए हुए थे। उन्हें देखकर किसी को लग सकता था कि शायद उन्हें चक्कर आ रहा होगा और इसलिए वे गेट का सहारा लेकर खड़े होंगे। लेकिन मुझे यह कुछ अलग लगा, इसलिए मैं उनके पास गया। वास्तव में वे स्कूल के प्रति अपना सम्मान प्रकट कर रहे थे। मैंने पूछा, क्यों। उन्होंने बताया कि उन्होंने 72 साल पहले यहीं से अपनी एसएसएलसी (ग्यारहवीं कक्षा) की परीक्षा पास की थी। वे अपनी दिवंगत मां रुक्मिणी अम्मल के दूसरे बेटे थे। उस समय उनके बड़े भाई दूसरे गांव में अपने मामा के घर पर बड़े हो रहे थे। नारायणन को उस साल परीक्षा देनी थी और उनके परिवार के पास फीस भरने के 15 रुपए भी नहीं थे।

तब उनकी मां ने अपनी थाली (दक्षिण भारतीय संस्कृति में मंगलसूत्र का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा, जो हमेशा चेन के केंद्र में होता है) गिरवी रख दी थी। जो लोग सोने की चेन नहीं खरीद सकते, वे थाली को पीले, मोटे धागे में बांधते हैं। थाली आमतौर पर किसी भी आकार के 1 ग्राम सोने से बनी होती है। उसका आकार परिवार की संपत्ति के आधार पर तय होता है। तमिल संस्कृति में प्रथा है कि जो लोग उस 1 ग्राम सोने को भी नहीं खरीद सकते, वे

**तब उनकी मां ने अपनी थाली (दक्षिण भारतीय संस्कृति में मंगलसूत्र का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा, जो हमेशा चेन के केंद्र में होता है) गिरवी रख दी थी। जो लोग सोने की चेन नहीं खरीद सकते, वे थाली को पीले, मोटे धागे में बांधते हैं। थाली आमतौर पर किसी भी आकार के 1 ग्राम सोने से बनी होती है। उसका आकार परि-वार की संपत्ति के आधार पर तय होता है।**

उस पीले धागे में थाली के बजाय हल्दी का डंठल बांध सकते हैं।

फीस के भुगतान में देरी होने के बावजूद स्कूल ने नारायणन को दाखिला दिया। उन्होंने परीक्षा पास की और बॉम्बे (अब मुंबई) चले गए, जहां आगे की पढ़ाई करते हुए कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों में निदेशक के स्तर तक बढ़े। वे जब भी कुम्भकोणम आते हैं तो मंदिर के साथ ही स्कूल में भी अपनी आदरांजलि व्यक्त करने जाते हैं। वे अपने उद्देश्यपूर्ण जीवन के लिए शिक्षकों और अप्रत्यक्ष रूप से मां का आभार व्यक्त करते हैं। आज उनके बच्चे और नाती-पोते भी देश-विदेश में वरिष्ठ पदों पर हैं। वहां से जाने से पहले उन्होंने कहा कि अगर यह स्कूल नहीं होता तो वो जीवन में कुछ नहीं बन पाते और ऐसा कहते-कहते उनकी आंखें भर आईं।

अचानक बत्ती गुल हो गई और अंधेरा छा गया तो उनका ड्राइवर दौड़कर आया और उन्हें सम्भालने लगा ताकि वे गड्ढेदार सड़कों पर गिर ना पड़ें। उसने मुझसे कहा, सर हमेशा ऐसा ही करते हैं, हर बार यहां आने पर वे अपने स्कूल का आभार जताना नहीं भूलते। मुझे यह घटना तब याद आई, जब मैंने अहमदाबाद के दो भाइयों की वह अनोखी कहानी सुनी, जिसमें बड़े भाई की लगन ने छोटे को सफलता दिलाई थी। 27 वर्षीय दीपेश केवलानी ने बहुत कम उम्र में पिता को खो दिया था। 12वीं कक्षा से ही वे जूतों की एक दुकान में काम करने लगे थे।उन्हें एक सरकारी अस्पताल में चौकीदार की नौकरी मिली और 19000 रुपए के वेतन पर वे परिवार का भरण-पोषण करने लगे, ताकि उनका 24 साल का छोटा भाई दिनेश केवलानी आईआईएम लखनऊ में अपनी पढ़ाई पूरी कर सके। दिनेश की पढ़ाई पूरी होने के बाद दीपेश ने भी कैट परीक्षा पास की और उन्हें इस साल आईआईएम शिलॉन्ग में प्रवेश मिला है। फंडा यह है कि सफलता तभी बेहतर चमकती है जब किसी का त्याग खुद को अंधेरे में रखकर उसे आलोकित करता है। और उस तरह के त्याग हमसे यह भी आग्रह नहीं करते कि हम उन्हें कृतज्ञतापूर्वक याद रखें, लेकिन उन्हें याद रखना हमारा कर्तव्य है।

## संत वचन

जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में प्रचार करना जारी रखा।ईश्वर हम सभी के साथ रहें और वह हमारे हर प्रयास और प्रयासों को आशीर्वाद दें ताकि हम सभी चीजों में उनकी महिमा करते रहें। इसके बजाय, ईसाइयों के रूप में, यह हमेशा महत्वपूर्ण है कि हम विनम्र रहें और दूसरों की बात सुनने के लिए तैयार रहें, खासकर भगवान की बात सुनने में। एंटिओक के सेंट इग्नाटियस प्रेरितों के शुरूआती उत्तराधिकारियों में से एक थे और प्रेरितों के महान मिशनरी कार्यों के समय में ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए थे, जो चर्च की स्थापना कर रहे थे और दुनिया भर में कई लोगों को खुशखबरी फैला रहे थे। चर्च के इतिहास और परंपरा के अनुसार एंटिओक के सेंट इग्नाटियस सेंट जॉन द एपोस्टल के शिष्य थे, और इसलिए प्रेरितों के बारे में सीधे जानते थे और उनसे सच्चाई प्राप्त की, जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में...

# अवैध घुसपैठ पर भारत का साफ संदेश

हर देश की अपनी सीमाएं होती हैं, और उन सीमाओं की रक्षा करना किसी भी राष्ट्र की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। जब कोई व्यक्ति बिना वैध दस्तावेजों के, छुपकर या नियमों को तोड़ते हुए किसी देश में प्रवेश करता है, तो उसे ह्लअवैध घुसपैठियाह्व कहा जाता है। भारत में भी कई वर्षों से अवैध घुसपैठ की समस्या बनी हुई है, विशेषकर बांग्लादेश से आने वाले लोगों की संख्या चिंताजनक रही है। अब भारत सरकार ने इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाया है और साफ संदेश दिया है कि अवैध घुसपैठ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अवैध घुसपैठ क्या है? अवैध घुसपैठ का अर्थ है कि कोई व्यक्ति किसी देश की सीमा में बिना वैध पासपोर्ट, वीजा या दस्तावेजों के प्रवेश करता है। यह प्रवेश चोरी-छिपे होता है, जिससे न केवल देश की सुरक्षा को खतरा होता है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संतुलन भी प्रभावित होता है। समस्या की गंभीरता भारत के पूर्वी हिस्सों, विशेषकर पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा और बिहार में लंबे समय से बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठियों की मौजूदगी देखी जा रही है। ये लोग आम नागरिकों की नौकरियों, संसाधनों और सुविधाओं पर भी असर डालते हैं। इसके अलावा, कई बार इन अवैध लोगों में से कुछ अपराधों में भी लिप्त पाए जाते हैं, जिससे आंतरिक सुरक्षा को खतरा होता है। भारत सरकार की सख्ती हाल ही में सरकार ने 2369 अवैध घुसपैठियों की पहचान की है और उनकी नागरिकता की पुष्टि के लिए बांग्लादेश से अनुरोध किया है। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन लोगों को बांग्लादेश वापस भेजा जाएगा। यह कदम स्पष्ट रूप से बताता है कि भारत अब अपनी सीमाओं और नागरिकता कानूनों के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगा। इस कदम की आवश्यकता क्यों थी? 1. राष्ट्रीय सुरक्षाः अवैध प्रवासी अक्सर निगरानी से बाहर होते हैं, जिससे देश की सुरक्षा प्रणाली को खतरा होता है। 2. सामाजिक तनावः ये घुसपैठिए सीमित संसाधनों जैसे नौकरी, शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य आदि में भागीदारी करते हैं, जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष उत्पन्न होता है। 3. राजनीतिक अस्थिरताः अवैध नागरिकों का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल कई बार देखा गया है, जिससे लोकतंत्र पर भी असर पड़ता है। 4. आर्थिक बोझः सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर ये लोग सरकारी खर्च बढ़ाते हैं, जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर भी प्रभाव पड़ता है। भारत का रुख और भविष्य की दिशा भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब नागरिकता और पहचान के आधार पर ही देश में रहने की अनुमति दी जाएगी। यह कदम केवल बांग्लादेशी घुसपैठियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों पर भी सख्त निगरानी होगी। इसके लिए सरकार ने जैसे कदम उठाए हैं।

**एडिट.नोट**

ह्लराष्ट्र सुरक्षा सर्वोपरिह्व सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि भारत की नीति बन चुकी है। अवैध घुसपैठ न केवल एक देश की सीमाओं का उल्लंघन है, बल्कि उसकी संप्रभुता और विकास में भी बाधा है। भारत सरकार का यह सख्त संदेश स्वागत योग्य है और इससे न केवल देश की सुरक्षा मजबूत होगी बल्कि सामाजिक व्यवस्था भी सुदृढ़ बनेगी। हर नागरिक को चाहिए कि वह इस पहल का समर्थन करे और देश की अखंडता को बनाए रखने में सहयोग दे। ऑपरेशन सिंदूर भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का साहसिक प्रयास था। इसके माध्यम से हमने संदेश दिया कि निष्क्रिय सहिष्णुता का युग समाप्त हो गया है। लेकिन जहां भारत ने निर्णायक रूप से कार्रवाई की, वहीं इस पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया बहुत लुंज-पुंज थी। आतंकवादियों को पनाह देने में पाकिस्तान की भूमिका की स्पष्ट निंदा करने से दुनिया ने जैसी कोताही बरती, वह इस संगीन हकीकत को उजागर करती है कि हम अपनी सुरक्षा को दुनिया के भरोसे नहीं छोड़ सकते। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई हमें ही लड़नी होगी। भारत के पास आतंकवाद के अतीत को भूलने की सुविधा नहीं है। हमारे लिए पाकिस्तान में मौजूद आतंकवाद का बुनियादी ढांचा एक अस्तित्वगत खतरा है। यह हमारे लिए भू-राजनीतिक सौदेबाजी का साधन मात्र नहीं है।

वेद आलोक-लेखक

# डिजिटल दुनिया में खोता बचपन

आजकल, हमारे आसपास हर तरफ मोबाइल, कंप्यूटर और इंटरनेट छाया हुआ है। ये सब चीजें डिजिटल दुनिया का हिस्सा हैं। यह दुनिया बहुत मजेदार और ज्ञान से भरी है। हम इसमें गेम खेल सकते हैं, कार्टून देख सकते हैं, और दुनिया भर की जानकारी पल भर में पा सकते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इस डिजिटल दुनिया में हमारा बचपन कहीं खोता जा रहा है? पहले के समय में बच्चे गलियों में खेलते थे, पेड़ों पर चढ़ते थे, और दोस्तों के साथ मिलकर खूब मस्ती करते थे। वे कहानियों की किताबें पढ़ते थे, दादा-दादी से रोचक बातें सुनते थे, और अपने हाथों से खिलौने बनाते थे। उनकी दुनिया असली थी, जिसमें धूप थी, मिट्टी थी, और ढेर सारी हंसी थी। लेकिन आजकल, बहुत से बच्चों का ज्यादातर समय मोबाइल या कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बीतता है। वे घंटों तक वीडियो गेम खेलते हैं या सोशल मीडिया पर दोस्तों से चैट करते हैं। बाहर खेलने और प्रकृति को महसूस करने का समय उन्हें कम ही मिल पाता है।


यह सच है कि डिजिटल दुनिया के कई फायदे भी हैं। इससे हम नई चीजें सीख सकते हैं, अपनी रचनात्मकता को बढ़ा सकते हैं, और दूर बैठे लोगों से भी जुड़े रह सकते हैं। ऑनलाइन कक्षाएं हमें घर बैठे ही अच्छी शिक्षा दिलाती हैं, और एजुकेशनल ऐप्स पढ़ाई को मजेदार बना देते हैं। लेकिन हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। डिजिटल दुनिया के कुछ नुकसान भी हैं, खासकर बच्चों के लिएः आंखों पर जोरः लगातार स्क्रीन देखने से हमारी आंखें थक जाती हैं और कमजोर भी हो सकती हैं। नींद की कमीः रात को देर तक मोबाइल चलाने से नींद पूरी नहीं हो पाती, जिससे हम दिन भर थका हुआ महसूस करते हैं। मोटापाः घर के अंदर बैठे रहने और खेलने-कूदने की कमी से मोटापा बढ़ सकता है, जो कई बीमारियों का कारण बनता है। अकेलापनः भले ही हम ऑनलाइन कई लोगों से जुड़े रहें, लेकिन असली दोस्तों के साथ खेलने और बात करने की खुशी अलग होती है। डिजिटल दुनिया हमें कभी-कभी अकेला महसूस करा सकती है। सीखने में कमीः हर चीज आसानी से मिल जाने के कारण, हम खुद से सोचने और मेहनत करने की आदत खो सकते हैं। किताबें पढ़ने और अपने हाथों से कुछ करने से जो सीखते हैं, वह डिजिटल जानकारी से अलग होता है। गलत जानकारीः इंटरनेट पर हर तरह की जानकारी मौजूद होती है, जिसमें कुछ गलत भी हो सकती है। बच्चों के लिए यह पहचानना मुश्किल हो सकता है कि क्या सही है और क्या गलत। साइबर बुलिंगः ऑनलाइन किसी को परेशान करना या बुरा कहना साइबर बुलिंग कहलाता है। यह बच्चों को बहुत दुख पहुंचा सकता है। यह जरूरी है कि हम डिजिटल दुनिया का इस्तेमाल समझदारी से करें। हमें यह याद रखना चाहिए कि यह एक उपकरण है, और हर उपकरण का सही इस्तेमाल करना जरूरी होता है।

समय तय करेंः हमें अपने माता-पिता से मिलकर तय करना चाहिए कि हम दिन में कितनी देर मोबाइल या कंप्यूटर इस्तेमाल करेंगे। पढ़ाई और खेलने के लिए समय निकालना बहुत जरूरी है। बाहर खेलेंः हमें हर दिन कुछ समय के लिए बाहर जरूर खेलना चाहिए। दौड़ना, कूदना, और दोस्तों के साथ मस्ती करना हमारे शरीर और मन दोनों के लिए अच्छा होता है। किताबें पढ़ेंः कहानियों और ज्ञान की किताबों को पढ़ना एक अद्भुत अनुभव होता है। यह हमारी कल्पना को बढ़ाता है और हमें नई चीजें सिखाता है।

परिवार के साथ समय बिताएंः हमें अपने परि-वार के सदस्यों के साथ बातें करनी चाहिए, उनके साथ खेलना चाहिए, और उनसे सीखना चाहिए। प्रकृति से जुड़ेंः हमें पार्क में जाना चाहिए, पेड़-पौधों को देखना चाहिए, और प्रकृति की सुंदरता को महसूस करना चाहिए। सीखने पर ध्यान देंः हमें अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए और शिक्षकों से सवाल पूछने में डरना नहीं चाहिए। सुरक्षित रहेंः हमें इंटरनेट पर अपनी निजी जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करनी चाहिए और अगर कोई हमें परेशान करे तो तुरंत अपने माता-पिता या शिक्षक को बताना चाहिए। डिजिटल दुनिया बुरी नहीं है, लेकिन हमें इसके और असली दुनिया के बीच एक संतुलन बनाना होगा। हमें टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल सीखने और मनोरंजन के लिए करना चाहिए, लेकिन हमें अपने बचपन की उन खुशियों को भी नहीं भूलना चाहिए जो हमें खेलने, दौड़ने, और अपने दोस्तों के साथ समय बिताने से मिलती हैं।याद रखिए, असली दोस्त स्क्रीन पर नहीं, बल्कि आपके आसपास होते हैं। असली खुशी वीडियो गेम में नहीं, बल्कि प्रकृति की गोद में मिलती है। आइए, हम सब मिलकर एक ऐसा बचपन जिएं जो डिजिटल भी हो और असली भी! डिजिटल दुनिया का बच्चों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर प्रभावः इसमें हम स्क्रीन टाइम के कारण होने वाले तनाव, चिंता, और डिप्रेशन जैसे मुद्दों पर बात कर सकते हैं।

## बिजनेस

# बिजली बनाने वाली इस सरकारी कंपनी के आए मजे, 7897 करोड़ रुपये का हुआ मुनाफा



नई दिल्लीः बिजली बनाने वाली सरकारी कंपनी नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (ठळढउ) ने वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे जारी कर दिए हैं। चौथी तिमाही में कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया है। कंपनी का मुनाफा पिछले साल के मुकाबले 22% बढ़ा है। इस तिमाही में कंपनी को 7,897 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। पिछले साल इसी तिमाही में यह आंकड़ा 6,490 करोड़ रुपये था।

चौथी तिमाही में कंपनी की कमाई भी बढ़ी है। यह 3.2% बढ़कर 49,834 करोड़ रुपये हो गई है। पिछले साल यह 47,628 करोड़ रुपये थी। वहीं कंपनी ने अपने शेयरधारकों को खुश कर दिया है। ठळढउ ने प्रति शेयर 3.35 रुपये का डिविडेंड देने का ऐलान किया है।अगर हम पिछली तिमाही से तुलना करें, तो इस बार मुनाफा और भी ज्यादा बढ़ा है। द3ऋ25 में कंपनी का मुनाफा 5,170 करोड़ रुपये था। इस बार यह 53% बढ़कर 7,897 करोड़ रुपये हो गया है। इसी तरह, कंपनी की कमाई भी 11% बढ़ी है। पिछली तिमाही में यह 45,069 करोड़ रुपये थी, जो इस बार बढ़कर 49,834 करोड़ रुपये हो गई है।

### बिजली बनाने से अच्छी कमाई

बिजली बनाने से कंपनी को अच्छी कमाई हुई है। इस काम से कंपनी ने 49,353 करोड़ रुपये कमाए हैं। पिछली तिमाही में यह आंकड़ा 44,088 करोड़ रुपये था। पिछले साल इसी तिमाही में यह 47,089 करोड़ रुपये था। इसके अलावा, कंपनी को दूसरी चीजों से भी 4,431 करोड़ रुपये की कमाई हुई है। इसे 'अन्य आय' कहा जाता है।अगर हम सिर्फ ठळढउ के स्टैंडअलोन मुनाफे की बात करें, तो उसमें भी 4% की बढ़ोतरी हुई है। यह 5,778 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल यह 5,556 करोड़ रुपये था। कंपनी की कमाई भी 5% बढ़कर 43,904 करोड़ रुपये हो गई है। पिछले साल यह 42,538 करोड़ रुपये थी।

### पूरे साल में भी बढ़ा मुनाफा

पूरे साल की बात करें तो कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया है। ऋ25 में कंपनी का मुनाफा 19,649 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के 18,079 करोड़ रुपये से 9% ज्यादा है। इसी तरह, कंपनी की कमाई भी 5% बढ़कर 1,70,037 करोड़ रुपये हो गई है। पिछले साल यह 1,62,009 करोड़ रुपये थी।कंपनी का खर्चा भी बढ़ा है। द4ऋ25 में कंपनी ने 39,778 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। पिछली तिमाही में यह 35,317 करोड़ रुपये था, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 37,414 करोड़ रुपये था। यह खर्चा ईंधन, बिजली खरीदने, कर्मचारियों के वेतन और ब्याज जैसे मदों में हुआ है। ईंधन लागत, बिजली खरीदी, कर्मचारी लाभ लागत और वित्त लागत जैसे खर्चों में वृद्धि हुई है।

# जापान को पीछे छोड़ भारत ने पाया यह खास मुकाम, अमेरिका, चीन और जर्मनी ही अब आगे

**नई दिल्लीः** भारत ने इतिहास रच दिया है। अर्थव्यवस्था को लेकर नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने एक बड़ी खबर दी है। उन्होंने बताया कि भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ने जापान को पीछे छोड़ दिया है।

सुब्रमण्यम ने नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की मीटिंग के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत के लिए अभी माहौल अच्छा है। देश की आर्थिक स्थिति मजबूत है। सुब्रमण्यम ने पीटीआई को बताया, 'अभी हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हमारी अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर की है।'सुब्रमण्यम ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़ों का हवाला दिया। आईएमएफ के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था जापान से बड़ी हो गई है। उन्होंने आगे कहा, 'सिर्फ अमेरिका, चीन और जर्मनी ही भारत से आगे हैं। अगर हम योजना के अनुसार काम करते रहे, तो अगले 2.5-3 सालों में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।'अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि वे चाहते हैं कि ऐपल कंपनी आईफोन अमेरिका में ही बनाए, भारत में नहीं। इस पर सुब्रमण्यम ने कहा कि टैरिफ क्या होगा, यह कहना मुश्किल है। लेकिन अभी भारत में चीजें बनाना सस्ता है।सुब्रमण्यम ने यह भी बताया कि सरकार एक बार फिर अपनी संपत्तियों को किराए पर देगी या बेचेगी। इसे एसेट मोनेटाइजेशन कहते हैं। इसका दूसरा दौर अगस्त में शुरू होगा। इससे सरकार को और पैसे मिलेंगे, जिससे देश का विकास होगा।फिच रेटिंग्स ने साल 2028 तक भारत की औसत वार्षिक वृद्धि क्षमता का अनुमान बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने नवंबर 2023 में इसके 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। फिच ने पांच साल के संभावित सकल घरेलू उत्पाद अनुमानों को अपडेट करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023 की रिपोर्ट के समय की हमारी अपेक्षा से अधिक मजबूती से वापसी की है।

## राज-काज

### सेंसेक्स 769 अंक चढ़कर 81,721 पर बंद

मुंबई। हफ्ते के आखिरी कारोबार दिन आज यानी शुक्रवार, 23 मई को सेंसेक्स 769 अंक चढ़कर 81,721 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 243 अंक की तेजी रही, ये 24,853 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी, जबकि दो में गिरावट रही। जोमैटो, पावर ग्रिड, कळउ और बजाज फिनसर्व के शेयरों में 3.5% तक की तेजी रही। नेस्ले इंडिया समेत कुल 14 शेयरों में 1.8% तक की तेजी रही। सनफार्मा और एयरटेल 1.8% तक फिसले। निफ्टी के 50 शेयरों में से 46 में तेजी और 4 में गिरावट रही। ठरए के ऋद्रउऋ इंडेक्स में 1.63%, प्राइवेट बैंक में 1.08%, कळ इंडेक्स में 0.95%, मेटल में 0.76% और रियल्टी में 0.64% की तेजी रही। फार्मा और हेल्थ केयर में मामूली गिरावट रही।एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई करीब 175 अंक ऊपर 37,300 और कोरिया का कोस्पी 2 अंक ऊपर 2,592 के स्तर पर बंद हुआ।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का असर...

# भारत की डिफेंस कंपनी को मिला इजराइल से 1500000000 रुपये का ऑर्डर

**नई दिल्लीः** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की देसी कंपनियों के बने हथियारों ने पाकिस्तान को धूल चटा दी थी। भारतीय हथियारों के सामने तुर्की और चीन के हथियार भी बौने साबित हुए थे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की डिफेंस कंपनियों के दुनियाभर में चर्चे शुरू हो गए। यही कारण है कि अब भारतीय हथियारों की डिमांड दुनियाभर से आने लगी है। इजराइल ने भारत की डिफेंस कंपनी नाइब लिमिटेड से बड़ा सौदा किया है।

नाइब लिमिटेड को इजराइल की एक बड़ी कंपनी से 17.52 मिलियन डॉलर (करीब 150 करोड़ रुपये) का ऑर्डर मिला है। इजराइल की यह कंपनी टेक्नोलॉजी के मामले में बहुत आगे है। इस ऑर्डर में यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चर बनाने और सप्लाई करने हैं। ये लॉन्चर 300 किलोमीटर तक मार कर सकते हैं। यह बहुत ही आधुनिक तकनीक है। भारत में पहली बार ऐसा हो रहा है कि यह तकनीक विदेश के लिए बनाई जा रही है। कंपनी का कहना है कि इस कॉन्ट्रैक्ट से 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा मिलेगा।यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चर अपनी श्रेणी में सबसे अच्छे हैं। ये अभी दुनिया में मौजूद लॉन्चर से भी बेहतर हैं। इस ऑर्डर से नाइब लिमिटेड का कारोबार विदेशों में बढ़ेगा। साथ ही, आधुनिक हथियारों के मामले में भारत की स्थिति भी मजबूत होगी।नाइब लिमिटेड विदेशी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है। वे भारत के लिए और दूसरे देशों के लिए भी आधुनिक हथियार बना रहे हैं। इससे भारत की रक्षा शक्ति बढ़ेगी और दुनिया में भी नए हथियार बनाने में मदद मिलेगी। नाइब लिमिटेड भारत की एक बड़ी रक्षा कंपनी है। यह रक्षा के लिए आधुनिक सिस्टम बनाती है। कंपनी का ध्यान नई चीजें बनाने, आत्मनिर्भर बनने और विदेशी कंपनियों के साथ मिलकर काम करने पर है। नाइब भारत को रक्षा के मामले में मजबूत बनाने और हथियारों का निर्यात करने में मदद करती है।भारत और रूस मिलकर एक और बड़ा काम करने वाले हैं। उन्होंने पहले मिलकर ब्रह्मोस मिसाइल बनाई थी। ऑपरेशन सिंदूर में और पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष में इस मिसाइल ने बहुत अच्छा काम किया था। अब ये दोनों देश मिलकर इस मिसाइल का और भी अच्छा वर्जन बनाने की बात कर रहे हैं।



तीर्थयात्रियों का पहला जत्था गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के लिए रवाना होता हुआ दिखाई दे रहा है।

117 करोड़ की लागत के 50 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण

# लहार में स्थापित होगा नया औद्योगिक केंद्र : सीएम

## नगर परिषद के रूप में विकसित होगा भिंड का मछण्ड और असवार क्षेत्र

संवाददाता ● भोपाल

लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लहार में नया औद्योगिक केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है। इसके साथ ही मछण्ड और असवार क्षेत्र को नगर परिषद बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में उद्योगों को बढ़ावा देकर युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। दूसरी ओर किसानों की आय बढ़ाने के लिए किसान और कृषि हित में अनेक निर्णय लिए गए हैं। किसान को फसलों का उचित दाम मिले और फसल बर्बाद न हो, इसके लिए प्रदेश में कृषि आधारित उद्योग स्थापित करने की दिशा में प्रयास हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को भिंड जिले के लहार में महिला स्व-सहायता समूह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

**भिंड के युवाओं का पराक्रम सराहनीय** - मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने शौर्य की गाथा लिखी है। भिंड के घर-घर से निकले जवान मां भारती की रक्षा में सीमाओं पर तैनात हैं। चंबल की धरती के सपूत लंबे समय से बॉर्डर पर दुश्मन का खात्मा करते आ रहे हैं। लहार का गौरवशाली अतीत महाभारत काल से भी जुड़ता है। ऐसा माना जाता है कि लहार में ही पांडवों के खिलाफ षड्यंत्र रचते हुए लाक्षागृह बनवाया गया था। भिंड वो धरती है, जहां कभी किसी के साथ अन्याय नहीं हो सकता है। वो दिन लद गए जब चंबल क्षेत्र में दस्युओं का डर दिखाकर लोगों पर अत्याचार होते थे। अब भिंड की जनता ने परिवर्तन का रास्ता चुना है। मध्यप्रदेश सरकार चंबल क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह संकल्पित है। यहां जनता का प्रेम और आत्मीयता से मन भाव-विभोर है।





### आलमपुर कॉलेज का नामकरण लोकमाता देवी अहिल्याबाई के नाम पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई का 300वां जयंती वर्ष चल रहा है। भिंड जिले के आलमपुर का कॉलेज अब लोकमाता देवी अहिल्याबाई के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भिंड में विकास को गति प्रदान करते हुए 117 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 33 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 17 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का सिंचित क्षेत्र वर्तमान में 55 लाख हेक्टेयर है, इसे निकट भविष्य में 100 लाख हेक्टेयर तक लेकर जाएंगे। सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए नदी जोड़ो परियोजनाओं पर कार्य हो रहा है। राजस्थान के साथ पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी परियोजना को 40 साल बाद मंजूरी मिली है। लगभग 70 हजार करोड़ की लागत से इस परियोजना का कार्य जारी है। इसी प्रकार पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को पूरा करते हुए केंद्र सरकार की सहायता से केन-बेतवा लिंक परियोजना की नींव रखी गई है। बुंदेलखंड के कई जिले इससे लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के किसान की समृद्धि और जीवन सरल बनाने के लिए 5 रुपए में स्थायी बिजली कनेक्शन और 30 लाख सोलर पंप प्रदान करने की शुरुआत की गई है। किसानों को सिर्फ 10 प्रतिशत कीमत पर सोलर पंप मिल रहे हैं। किसानों को सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। हर महीने माताओं-बहनों को लाड़ली बहना योजना की राशि भी मिलती रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए अनेक जनहितैषी निर्णय लिए हैं। इनमें राहवीर योजना शामिल है। अब सड़क हादसों के घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इसके साथ ही प्रदेश में गंभीर बीमारियों के पीड़ितों को एयर एम्बुलेंस का लाभ दिया जा रहा है। अब गरीब के परिवार के किसी व्यक्ति की अस्पताल में मृत्यु हो जाए तो सरकार ने पार्थिव शरीर घर पहुंचाने के लिए नि:शुल्क शव वाहन की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत हितलाभ भी वितरित किये। । नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश को स्वर्णिम राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। सांसद श्रीमती संध्या राय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लहार क्षेत्र की जनता को अनेक विकास कार्यों की सौगात दी है। लहार विधायक श्री अमरीश शर्मा ने क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विधायक श्री नरेंद्र सिंह कुशवाहा, पूर्व मंत्री श्री लाल सिंह आर्य एवं पूर्व मंत्री श्री ओपीएस भदौरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## शॉर्ट न्यूज

### ग्वालियर में अंबेडकर मूर्ति विवाद, पुलिस अलर्ट

ग्वालियर। हाईकोर्ट परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना विवाद और 26 मई को भीम आर्मी के जय भीम संगठन की प्रस्तावित सभा के मद्देनजर ग्वालियर पुलिस हाई अलर्ट पर है। जिला प्रशासन ने सभा की अनुमति नहीं दी है, इसके बाद भी सभा होती है, तो वह अवैध मानी जाएगी। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन और पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। इस सभा में संगठन के राष्ट्रीय नेता शामिल होने वाले हैं। भीम आर्मी जय भीम संगठन की ओर से प्रदेश के मुख्य उपाध्यक्ष राधा सैनी ने 26 मई को फूलबाग स्थित अंबेडकर पार्क में अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं लक्ष्मीबाई समाधि मैदान पर सभा को अनुमति मांगी है।

### महिला की गैंगरेप के बाद मौत

**खंडवा**। खंडवा में एक महिला की गैंगरेप के बाद मौत हो गई। वह अपने पड़ोस के ही एक घर में बेहोशी की हालत में मिली थी। उसे तेज ब्लीडिंग हो रही थी। बाहर बच्चादानी निकली पड़ी थी। ऐसा लग रहा था कि किसी दरिंदे ने निजी अंग में सरिए या लकड़ी जैसा कुछ डाला है। उसे अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान उसकी मौत हो गई। ये घटना शनिवार दोपहर को जिले के खालवा थाना क्षेत्र के एक गांव की है। महिला की उम्र 45 वर्ष थी। डॉक्टरों ने बताया कि उसके प्राइवेट पार्ट में गंभीर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि महिला के दो बच्चे हैं। दोनों आरोपी महिला के परिचित हैं। शुक्रवार को सभी एक शादी कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसके बाद पीड़िता हरि के साथ उसके घर पहुंची।

### देसाई नगर में रात 3 बजे बाइक चोरी

उज्जैन। माधवनगर थाना क्षेत्र के देसाईनगर में शनिवार की रात तीन बदमाशों ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। रात करीब 3 बजे तीन बदमाश एक बाइक पर आए। बदमाशों ने पहले गली नंबर 12 में घर के बाहर खड़ी बाइक का लॉक तोड़ा। फिर बाइक स्टार्ट कर गली नंबर 13 में पहुंचे। यहां से रवि शर्मा की शाइन बाइक और एक अन्य रहवासी की बाइक चुरा ली। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात कैद हो गई। फुटेज में साफ दिख रहा है कि बदमाश एक बाइक पर आए और दो बाइक चुराकर ले गए। सुबह रवि शर्मा ने माधवनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

## खड़गे बोले-न देवड़ा पर एक्शन हुआ,न शाह बर्खास्त हुए

संवाददाता ● इंदौर

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मंत्री विजय शाह को मंत्री पद से बर्खास्त न करने और सेना पर टिप्पणी करने वाले डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा पर कार्रवाई न करने पर प्रधानमंत्री मोदी को घेरा है। खड़गे ने X पर लिखा- भाजपा के नेताओं में पहलगाम के पीड़ितों और हमारी वीर सेना पर लांछन लगाने की होड़ चल रही है। भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के शर्मनाक बयान ने एक बार फिर RSS-BJP की ओछी मानसिकता को उजागर कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने आगे लिखा- जब पहलगाम में शहीद नौसेना ऑफिसर की पत्नी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा था, तब भी मोदी जी चुप थे। नरेन्द्र मोदी जी आप कहते हैं कि आपकी रगों में सिंदूर है अगर ऐसा है, तो आपको महिलाओं के सम्मान के लिए अपने इन बद्जुबान नेताओं को बर्खास्त करना चाहिए।



**हरियाणा से बीजेपी के राज्यसभा सांसद के बयान पर पलटवार** - हरियाणा से BJP के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने शनिवार को विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि अपना सुहाग खोने वाली महिलाओं में वीरांगना का भाव व जोश नहीं था, इसलिए 26 लोग गोली का शिकार बने। सांसद ने कहा कि पर्यटक हाथ जोड़कर मारे गए। अगर PM की योजना के तहत ट्रेनिंग लेते और सामना करते तो इतनी मौतें नहीं होतीं। जांगड़ा शनिवार को भिवानी के पंचायत भवन में आयोजित अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान जिला संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। बीजेपी सांसद के इस बयान पर पलटवार करते हुए खड़गे ने विजय शाह और जगदीश देवड़ा पर एक्शन न लेने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घेरा।

## लोकसभा चुनाव के पहले हुआ था प्रमोशन, पद नहीं मिला

**भोपाल** । सवा साल पहले लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के पहले अपर कलेक्टर बने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सरकार की अनदेखी के कारण संयुक्त कलेक्टर की नौकरी करने को मजबूर हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने तीस अधिकारियों को अपर कलेक्टर बनने का आदेश जारी करने के बाद दो तीन अधिकारियों को छोड़ किसी अन्य अपर कलेक्टर की नवीन पदस्थापना नहीं की है। इस कारण ये अधिकारी अपने पुराने जिलों में ही मार्च 2024 से अब तक जॉइंट कलेक्टर के बजाय अपर कलेक्टर का काम करने को मजबूर हैं। अब जबकि तबादलों पर प्रतिबंध हटा है तो ये अधिकारी अपनी नवीन पदस्थापना का इंतजार कर रहे हैं। राज्य प्रशासनिक सेवा के संयुक्त कलेक्टर स्तर के अधिकारियों को अपर कलेक्टर के पद पर प्रमोट करने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने सवा साल पहले 8 मार्च को आदेश जारी किए थे। लोकसभा चुनाव के लिए 16 मार्च से लागू हुई चुनाव आचार संहिता के पहले जारी इस आदेश के बाद संयुक्त कलेक्टर बने अफसरों को उम्मीद थी कि चुनाव होने के बाद उन्हें अपर कलेक्टर के पद पर जिलों में पदस्थापना मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका है और एक दो अफसरों को छोड़ बाकी को अपर कलेक्टर की जिम्मेदारी पाने का इंतजार है। वे पुराने पदस्थापना वाले जिलों में अपर कलेक्टर बनने के बाद भी संयुक्त कलेक्टर का काम करने को मजबूर हैं।

एम्स में 6 हजार बच्चों पर स्टडी, 47% को दूर की चीजें दिखती हैं धुंधली

## सूर्य-चंद्रमा की रोशनी से दूरी, बच्चे हो रहे मायोपिया का शिकार

संवाददाता ● भोपाल

नेचुरल लाइट यानी सूर्य और चांद की रोशनी के नीचे अब लोगों का समय कम बीत रहा है। ऐसे में उन्हें दूर की वस्तुएं धुंधली दिखाई देने लगी हैं। इस रोग को मायोपिया कहा जाता है। यह समस्या इतनी तेजी से बढ़ रही है कि इस साल मायोपिया अवेयरनेस वीक (19 से 25 मई) के लिए थीम 'स्क्रीन डाउन, आइज अप' रखी गई है। इसका मतलब है कि व्यक्ति मोबाइल, लैपटॉप और टीवी को छोड़कर घर से बाहर खुले आसमान के नीचे समय बिताए।

इससे सबसे अधिक प्रभावित बच्चे हो रहे हैं। एम्स भोपाल के नेत्र रोग विभाग द्वारा हाल ही में पांच साल तक की गई एक केस स्टडी सामने आई है। इसमें पता चला कि जिन 6,000 बच्चों को आंखों से जुड़ी समस्या थी, उनमें से 47% बच्चों को मायोपिया था। यही नहीं, अब इस रोग को 'मायोपिया एपिडेमिक' यानी महामारी का नाम भी दिया गया है। विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की है कि यदि जल्द सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो साल 2050 तक हर दूसरा बच्चा इससे ग्रसित होगा।

एम्स के नेत्र रोग विभाग की प्रमुख डॉ. भावना शर्मा ने बताया कि आज हर घर में बच्चे मोबाइल, लैपटॉप और टीवी के सामने अधिक समय बिता रहे हैं। इसके कारण उनकी आंखों का वह विकास रुक रहा है, जो सामान्य रूप से 18 साल तक होता है।



आंखों की मांसपेशियां दूर और पास देखने के लिए अपनी स्थिति बदलती हैं। जब आंखों में तेज रोशनी पड़ती है तो पुतली सिकुड़ती है। लेकिन अब लंबे समय तक पास की चीजों को देखने और कृत्रिम रोशनी में रहने के कारण आंखों की मांसपेशियां एक ही स्थिति में फिक्स हो रही हैं, जिससे मायोपिया की समस्या बढ़ रही है। जब हम सुबह या शाम की रोशनी में बाहर खेलते हैं, तो यह आंखों के लिए सबसे अनुकूल समय होता है। इसमें न रोशनी बहुत तेज होती है और न ही बहुत कम, जिससे आंखों की मांसपेशियों पर कम दबाव पड़ता है। ऑल इंडिया ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसाइटी (AIOS) के महासचिव डॉ. संतोष होनावर के अनुसार मायोपिया चुपचाप एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनती जा रही है। यह केवल चश्मे तक सीमित नहीं है।

## होटल जैसी सुविधाएं अब भोपाल स्टेशन पर

### देख सकेंगे लाइव क्रिकेट, वेटिंग रूम में गेम्स और 200 रुपए में अनलिमिटेड बुफे भी

संवाददाता ● भोपाल

सुविधा

भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को अब इंतजार के दौरान भी आराम और मनोरंजन करने को मिलेगा। प्लेटफॉर्म नंबर एक की नई बिल्डिंग में IRCTC द्वारा शुरू किए जा रहे एग्जीक्यूटिव लाउंज में यात्रियों को होटल जैसी लग्जरी सुविधाएं दी जाएंगी, वो भी सिर्फ 50 रुपए में। पहले से प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 6 पर AC वेटिंग रूम था, अब उससे एक कदम आगे एग्जीक्यूटिव लाउंज की शुरुआत की जा रही है, जिसमें यात्रियों को सिर्फ बैठने की नहीं बल्कि चाय-कॉफी, कुकीज, इंडोर गेम्स और म्यूजिक के साथ-साथ मनोरंजन की भी सुविधा मिलेगी। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि रेलवे एक हफ्ते में यह सुविधा शुरू कर देगा। इससे भोपाल आने वाले यात्रियों को स्टेशन पर ही कई लग्जरी सुविधाएं मिलेंगी।



**गेमिंग जोन: लूडो, केरम, सांप-सीढ़ी से बच्चों का मन बहलाएगा रेलवे**

IRCTC के साथ स्तुति इंटरप्राइजेस द्वारा यह सुविधाएं स्टेशन पर दी जाएंगी। लाउंज को पारंपरिक वेटिंग रूम से एक कदम आगे बढ़ाते हुए यहां गेमिंग के भी ऑप्शन दिए गए हैं। यात्रियों, खासकर बच्चों और परिवारों के लिए लूडो, केरम, सांप-सीढ़ी जैसे गेम्स की व्यवस्था की गई है, जिससे स्टेशन पर रुकना अब बोरियत भरा नहीं बल्कि एक अच्छा अनुभव बनेगा। भोजन की बात करें तो 200 में यात्री अनलिमिटेड शाकाहारी बुफे का लाभ ले सकते हैं, जिसमें इडली-सांभर, बड़ा, छोले-भटूरे, वेज बिरयानी, पास्ता, फ्रेंच फ्राइज, वेज थाली जैसी कई स्वादिष्ट डिशेज शामिल हैं। इसके अलावा यहां सब्जी, पूरी, सलाद, खीर, सूप, चावल आदि शामिल हैं। इसके अलावा पिज्जा, बर्गर जैसी डिशेस ऑन डिमांड उपलब्ध रहेंगी। हालांकि यह मेन्यू समय-समय पर बदलता रहेगा।

लंबी यात्रा के बाद यदि यात्री खुद को तरोताजा करना चाहते हैं तो उनके लिए 100 में नहाने की सुविधा भी उपलब्ध है, जिसमें तौलिया, शैम्पू और साबुन शामिल हैं। वहीं, जो यात्री अधिक प्राइवेट और शांत माहौल चाहते हैं उनके लिए 100 में VIP एग्जीक्यूटिव लाउंज की भी सुविधा है, जिसमें रीक्लाइनर चेयर, गेम एक्टिविटी और स्नैक्स शामिल हैं।

5 साल में एक बार होगा ट्रांसफर, दस प्रतिशत आएंगे दायरे में

## मध्य प्रदेश में संविदाकर्मियों की तबादला नीति जारी

संवाददाता ● भोपाल

बदलाव

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने संविदाकर्मियों के स्थान परिवर्तन की नीति जारी की है। इस नीति के प्रविधानों के अधीन उन्हें इधर से उधर किया जा सकेगा। हालांकि, जैसी नीति है, उसके अनुसार बड़े स्तर पर बदलाव नहीं हो पाएंगे। पहली बड़ी शर्त यह लगाई गई है कि जिला या अंतरजिला स्थानांतरण में संबंधित पद की कुल संख्या में से 10 प्रतिशत को ही इधर से उधर किया जा सकेगा। दूसरी बड़ी शर्त यह है कि एक बार स्थान परिवर्तन होने के बाद पांच वर्ष तक वह कर्मचारी परिवर्तन के लिए पात्र नहीं होगा।




बता दें कि इस विभाग में अधिकतर कर्मचारी पंचायतों में काम करने वाले संविदाकर्मी होते हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों में संविदाकर्मियों को रखा गया है। नीति में यह भी साफ किया गया है कि संविदाकर्मियों को पदस्थापना स्थल को संशोधित करने की कोई नीति नहीं है, सिर्फ अपवादस्वरूप ही स्थान परिवर्तन किया जा सकेगा। नए नियम के अनुसार, विवाहित, विधवा एवं तलाकशुदा महिला कर्मचारियों का ऐसे जिले में स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिसमें उसका ससुराल या स्वयं का परिवार रहता है। स्वयं अथवा आश्रितों को कैंसर या ब्रेन ट्यूमर होने पर और समान पद पर कार्यरत संविदाकर्मियों के परस्पर स्थान परिवर्तन के स्वैच्छिक आवेदन पर स्थानांतरण किया जाएगा। वहीं, एक जिले से अन्य में जाने के लिए आवेदन योजना के राज्य कार्यक्रम अधिकारी को किया जाएगा।

### स्थान परिवर्तन की ये शर्तें होंगी

- नए नियम के अनुसार, कर्मचारियों के स्थान परिवर्तन करने पर पूर्व संविदा अनुबंध समाप्त किया जाएगा। नवीन कार्य स्थल पर नियोक्ता द्वारा नया अनुबंध किया जाएगा।
- परिवर्तन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी स्थानांतरण नीति में निर्धारित अवधि में ही किए जा सकेंगे।
- स्थान परिवर्तन आदेश जारी होने के दो सप्ताह के भीतर संविदाकर्मी को कार्यमुक्त होकर नए स्थान पर एक सप्ताह में नया अनुबंध करना होगा।
- नए स्थान पर जाने वाले को किसी प्रकार की यात्रा भत्ता, अन्य भत्ते और अवकाश की पात्रता नहीं होगी।
- एक से 30 मई तक जिले के भीतर परिवर्तन कलेक्टर के द्वारा प्रभारी मंत्री के अनुमोदन पर किया जाएगा। आदेश सीईओ जिला पंचायत जारी करेंगे।

# शहीद जवानों की पत्नियों के लिए प्रीति जिंटा ने किया बड़ा दान

## इस फैसले से जीता लोगों का दिल!



सिनेमा लवर्स के बीच बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस प्रीति जिंटा की फिल्मों का जिक्र अक्सर चलता है। उनका नाम उन चुनिंदा एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल किया जाता है, जो आईपीएल की क्रिकेट टीम की मालकिन भी हैं। वह हर तरह की घटना पर अपने विचार खुलकर रखने के लिए भी जानी जाती हैं। अब जानकारी सामने आई है कि उन्होंने सेना के शहीद जवानों की पत्नियों के लिए एक बड़ी धन राशि का दान किया है। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं। बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने अपने एक हालिया बड़े कदम से सभी का दिल जीत लिया है। दरअसल, उन्होंने सेना की विधवाओं और उनके बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए 1 करोड़ से ज्यादा की धन राशि का दान करने का फैसला लिया है। बता दें 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के आतंकवादियों को सबक सिखाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर सफलता के साथ किया। इसके कुछ दिनों बाद एक्ट्रेस ने यह फैसला लिया था।

रिपोर्ट में बताया गया है कि एक्ट्रेस ने इसके बारे में एक आधिकारिक बयान जारी किया है। इसमें बताया गया है कि उन्होंने अपनी आईपीएल की क्रिकेट टीम पंजाब किंग्स की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत दक्षिण पश्चिमी कमान के आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (एडब्ल्यूडब्ल्यूए) को कुल 1.10 करोड़ रुपये की धन राशि का दान किया है। प्रीति जिंटा ने शनिवार को जयपुर में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में बताया कि हम चाहकर भी अपने जवानों के बलिदान को चुका नहीं सकते हैं, लेकिन देश के सभी नागरिकों को उनके परिवार की हर संभव मदद जरूर करनी चाहिए। उन्होंने अपनी बात पूरी करते हुए आगे कहा, हमें भारतीय सशस्त्र बलों पर बहुत ज्यादा गर्व महसूस होता है और हम अपने देश और इसके बहादुर जवानों के प्रति समर्थन के भाव से खड़े हुए हैं। इस कार्यक्रम के बारे में बता दें कि इसमें दक्षिण पश्चिमी कमान के सेना कमांडर, AWWA की क्षेत्रीय अध्यक्ष और सेना परिवारों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा, एक्ट्रेस प्रीति जिंटा भी इसमें मौजूद थी। प्रीति जिंटा सोशल मीडिया पर भी एक्विट रहती हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक यूजर के कमेंट पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया था कि उन्होंने सेना के जीवन को काफी करीब से देखा है, क्योंकि वह भी एक फौजी की बेटी हैं।

# आलिया भट्ट की खूबसूरती को मोहित निहारते आईं नजर



कांस के आखिरी दिन फेस्टिवल में शामिल होकर एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने फेस्टिवल की रंगत बढ़ा दी। दो मेट गाला में शामिल होने के बाद फैंस कांस की रेड कार्पेट पर आलिया भट्ट को देखने के लिए बेताब थे। फ्रेंच रिवेरा में उन्होंने दो दिन बिताए। शियापारेली फ्लोरल-डिटेल वाले मरमेड-कट गाउन से लेकर अरमानी प्रिवी फॉल 2025 लुक तक, आलिया के लुक ने दुनियाभर में सुर्खियां बटोरीं। 24 मई को, जब 78वां कान्स फिल्म फेस्टिवल खत्म होने वाला था, हार्ट ऑफ स्टोन की अदाकारा सिल्वर मेश फैब्रिक में लिपटी हुई, स्वारोवस्की क्रिस्टल से सजी गुच्ची की साड़ी पहनकर रेड कार्पेट पर उतरीं।

### फोंडा के साथ आलिया ने किया पोज



अब इस फंक्शन से बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें हॉलीवुड स्टार जेन फोंडा आलिया की खूबसूरती और गुच्ची साड़ी-ड्रेस पर पूरी तरह से मोहित होती दिखीं। वीडियो में 87 वर्षीय अभिनेत्री फोंडा, आलिया को प्यार से निहारते हुए दिखाई दे रही हैं। दोनों साथ में पैप्स के लिए पोज करते नजर आए। फोंडा और आलिया दोनों ने मैचिंग गोल्डन-सिल्वर आउटफिट्स पहने हुए हैं। दोनों लोरियल की ब्रांड एंबेसडर हैं। जेन कैमरे की तरफ देखने के बजाय आलिया को देख रही थीं। एक टाइम पर वो उनकी ड्रेस को भी छूती हैं। वहीं आलिया उन्हें देखते हुए एक बड़ी सी मुस्कान पास करती हैं। इससे पहले शुक्रवार को ब्रिजर्टन स्टार सिमोन एश्ले को भी आलिया के साथ पोज करते हुए देखा गया था।

### जेन फोंडा कौन हैं?

जेन फोंडा एक अमेरिकी अभिनेत्री हैं। फोंडा लगभग छह दशक से हॉलीवुड का हिस्सा हैं। फोंडा को क्लूट और कमिंग होम जैसी फ़िल्मों में अपने दमदार अभिनय के लिए दो बार अकादमी पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। हॉलीवुड के अलावा वो एक जानी मानी एक्टिविस्ट भी है वियतनाम युद्ध से लेकर जलवायु परिवर्तन तक के मुद्दों पर बोलती रही हैं।

# ऐश्वर्या राय का व्हाइट बनारसी साड़ी में दिखा कान्स में शाही लुक



कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट से ऐश्वर्या राय बच्चन का लुक देखने के लिए हर कोई बेताब था। आखिरकार ये इंतजार अब खत्म हो गया है और रेड कार्पेट से एक्ट्रेस का शानदार लुक सामने आ गया है। ऐश्वर्या राय ने कान्स 2025 के लिए शाही लुक चुना है। मनीष मल्होत्रा के डिजाइन किए व्हाइट बनारसी साड़ी में वे बेहद क्लासी दिख रही हैं। हाथ से बुने हुए कदवा आइवरी हैंडलूम बनारसी साड़ी में ऐश्वर्या बेहद क्लासी दिख रही थीं। इस पर आईवरी और हाथ से बुने हुए ब्रोकेड मोटिफ्स और असली चांदी में हाथ से कढ़ाई की गई जरी की बारीकियां हैं। इस साड़ी को ऐश्वर्या ने मैचिंग फुल स्लीव्स ब्लाउज के साथ पेयर किया था। इसके स्लीव्स पर गोल्डन एंब्रॉयड्री थी। ऐश्वर्या ने साड़ी के साथ मैचिंग टिशू दुपट्टा भी पेयर किया, जिसके किनारों पर असली सोने और चांदी की जरदोजी कढ़ाई की गई है। अपने लुक को और शाही बनाने के लिए एक्ट्रेस ने मल्टीलेयर पिंक जूलरी पेयर की थी। उन्होंने रूबी, गोल्ड और डायमंड से बने नेकलेस और रिंग्स पहने थे। मिडल पार्टिशन हेयरस्टाइल के साथ मांग में पति के नाम का सिंदूर लगाए ऐश्वर्या राय बेहस क्लासी दिख रही थीं। अपने इस लुक से उन्होंने सभी को सरप्राइज कर दिया। बता दें कि कान्स 2025 से ये ऐश्वर्या का पहला लुक था। वे कल ही अपनी बेटी आराध्या के साथ वहां पहुंची थीं। ये 22वीं बार है जब ऐश्वर्या कान्स के रेड कार्पेट पर उतरी हैं। इस दौरान कैमरे को पोज देते हुए वे कई बार दोनों हाथ जोड़कर नमस्ते करती दिखीं।

# मिस इंग्लैंड ने हैदराबाद में जारी मिस वर्ल्ड कॉम्पटीशन छोड़ा



हालांकि मिस वर्ल्ड की CEO जूलिया मोर्ले ने ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर मैगी के आरोपों को खारिज कर दिया है। मिस वर्ल्ड 2025 हैदराबाद में जारी है, फिनाले 31 मई को होगा। 24 साल की मिला मैगी 7 मई को हैदराबाद पहुंची थीं। 16 मई को ही मिला मैगी ने पेजेंट बीच में ही छोड़ दिया और यूके लौट गईं। मिस वर्ल्ड के 74 साल के इतिहास में पहली बार है, जब इंग्लैंड को रिप्रेजेंट कर रहीं कंटेस्टेंट को अचानक बदला गया। मिला को मिस इंग्लैंड रनर-अप रिप्लेस किया है। द सन की रिपोर्ट के अनुसार, मिला मैगी ने कहा, 'पेटेंज में बड़ी उम्र के आदमियों के साथ समय बिताने और मेलजोल बढ़ाने को कहा गया, क्योंकि वो लोग शो में फायनेंशियल कॉन्ट्रीब्यूशन कर रहे हैं। सभी कंटेस्टेंट्स पर दिन भर मेकअप करके रहने और हैवी बॉल गाउन पहनने का दबाव बनाया जा रहा था, यहां तक कि ब्रेकफास्ट करते हुए भी। हर टेबल पर 6 गेस्ट और 2 लड़कियों को बैठाया जाता है। लड़कियों से कहा जाता है कि वो गेस्ट को खुश रखें। ये सब देखकर मुझे बहुत गलत लगता है, मैं यहां हंसने-खिलखिलाने और किसी को एंटरटेन करने नहीं आई हूं। मुझे वेश्या जैसा महसूस करवाया जाता है। हम यहां सामजिक मुद्दों पर बात करने आए थे, लेकिन वहां लोग इस बारे में सुनने तक को तैयार नहीं हैं। असहज महसूस करवाने वाली बातें होती हैं। पेजेंट में हिस्सा ले रहीं 109 लड़कियों को ये कहते हुए डांटा गया कि वो बोरिंग हैं। सभी के साथ परफॉर्मिंग मंकी की तरह बर्ताव किया जा रहा है। जो मैं बर्दाश्त नहीं कर पा रही थी।' मिस वर्ल्ड की CEO और चेयरमैन जूलिया मोर्ले ने 24 मई को ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी किया है। बताया है कि मिस इंग्लैंड ने मां की तबीयत बिगड़ने पर अचानक मिस वर्ल्ड छोड़ने का फैसला किया है। ऑर्गनाइजेशन ने उनकी स्थिति समझते हुए उनके लौटने का बंदोबस्त करवाया है। स्टेटमेंट में मिला के आरोपों पर भी सफाई दी गई है। इसमें लिखा है, दुर्भाग्य से हमारे सामने आया है कि कुछ UK मीडिया आउटलेट ने झूठी और अपमानजनक खबरें पब्लिश की हैं। ये दावे पूरी तरह गलत हैं।

# आंख मारकर 18 साल की हसीना बन गई थी करोड़ों दिलों की धड़कन

## 7 साल बाद खूबसूरती में लगे चार चांद



साल 2018 का वक्त था और पूरा देश एक ही सवाल पूछ रहा था 'विंक गर्ल कौन है?' आंख मारते हुए वायरल हुई एक लड़की ने पूरे इंटरनेट पर तहलका मचा दिया था। सोशल मीडिया से लेकर गूगल सर्च तक हर जगह सिर्फ उसी की चर्चा हो रही थी। लोग उसके अंदाज, मुस्कान और आंखों के जादू पर फिदा हो गए थे। इसके वीडियो को बार-बार देखा जा रहा था और इसकी अदाओं का जादू फैलता ही जा रहा था। यह लड़की कोई और नहीं, बल्कि प्रिया प्रकाश वारियर थीं, जो बस आंख मारने के बाद देखते ही देखते देश की नई नेशनल क्रश बन गईं। प्रिया उस वक्त महज 18 साल की थीं जब मलयालम फिल्म 'ओरु अडार लव' के एक सीन का टीजर इंटरनेट पर वायरल हुआ। इस वीडियो में उन्होंने क्लासरूम में एक साथी छात्र को आंख मारी थी। उनके इस प्यारे से अंदाज ने करोड़ों दिलों को छू लिया और वे रातों-रात इंटरनेट सेंसेशन बन गईं। फरवरी 2018 में रिलीज हुए इस टीजर को 'माणिक्य मलाराया पूवी' गाने के साथ जोड़ा गया था और यह क्लिप इतनी वायरल हुई कि गूगल पर प्रिया प्रकाश भारत में सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली शख्सियत बन गईं। अब सात साल बीत चुके हैं और प्रिया प्रकाश वारियर अब पूरी तरह से एक फिल्म अभिनेत्री बन चुकी हैं। अब 25 साल की हो चुकीं प्रिया, इंस्टाग्राम पर भी काफी एक्टिव हैं और उनके 7 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वह अब सिर्फ मलयालम ही नहीं, बल्कि तमिल और तेलुगु भाषाओं की फिल्मों में भी काम कर रही हैं। उन्होंने 'इश्क', '4 इयर्स', 'श्रीदेवी बंगलो', 'चेक', 'ब्रो' जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। जल्द ही वे तमिल फिल्म 'निलावुकु एन मेल ऐन्नादी कोबम' में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा खबरें हैं कि वे रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म 'रामायण' का भी हिस्सा बन सकती हैं। प्रिया आखिरी बार 'विष्णु प्रिया' में नजर आई थीं, जो 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। पहले से कहीं ज्यादा निखरे लुक और दमदार अभिनय के साथ प्रिया एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रहीं। कभी एक विंक से इंटरनेट का दिल जीतने वाली प्रिया प्रकाश वारियर अब साउथ की फिल्म इंडस्ट्री में एक स्थापित चेहरा बन चुकी हैं और उनकी लोकप्रियता हर दिन बढ़ती जा रही है।

# मां बनने वाली हैं खुशी कभी गम फे की Poo, शादी के डेढ़ साल बाद पहले बच्चे को देंगी जन्म




कभी खुशी कभी गम फेम एक्ट्रेस मालविका बग्गा ने साल 2023 में प्रणव बग्गा से शादी की थी। एक्ट्रेस ने फिल्म में एक चाइल्ड एक्टर का रोल प्ले किया था। दोनों की मुलाकात कॉलेज के एक कॉमन फ्रेंड के जरिए हुई थी और समय के साथ दोनों एक दूसरे से प्यार करने लगे। नवंबर 2023 में इन्होंने शादी कर ली। अब शादी के लगभग डेढ़ साल बाद कपल पेरेंट्स बनने की तैयारी में हैं। मालविका राज बग्गा ने सोशल मीडिया के जरिए घोषणा की कि कपल पहली बार माता-पिता बनने वाले हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम फोटोशूट की कई तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में दोनों कस्टमाइज्ड 'मॉम' और 'डैड' कैप पहने हुए दिखाई दे रहे हैं। पहली फोटो में उन्होंने दिखाया कि उनका प्रेग्नेंसी टेस्ट पॉजिटिव आया है। दूसरी फोटो में दोनों वॉक करते हुए नजर आए। फोटोशूट की तस्वीरें शेयर करते हुए, मालविका ने लिखा, 'आप + मैं = 3 हमाराछोटासीक्रेट #बेबीऑनदवे #एमपीबेबी।' मालविका और प्रणव दोनों ने मैचिंग सफेद कैजुअल आउटफिट पहने थे। वहीं फैंस भी प्यारी तस्वीर पर रिएक्ट करने से खुद को रोक नहीं पाए। कई सेलेब्स ने माता-पिता बनने वाले कपल को बधाई संदेश दिए। बॉलीवुड अभिनेत्री कृति खरबंदा ने टिप्पणी की, 'आप दोनों को बधाई!' आयशा श्रॉफ ने खुशी जाहिर करते हुए लिखा,'यिपपपी!!!! बधाई हो दोस्तों।' गोविंदा की बेटी टीना आहूजा, कृष्णा श्रॉफ, रिधिमा पंडित और कई अन्य लोगों ने भी कपल पर प्यार बरसाया। मालविका राज बग्गा एक भारतीय अभिनेत्री और मॉडल हैं। मालविका ने साल 2001 की बॉलीवुड फिल्म कभी खुशी कभी गम में यंग पूजा (पू) की भूमिका निभाई थी। 18 सितंबर, 1990 को मुंबई में जन्मी, वह एक ऐसे परिवार से आती हैं, जो फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा हुआ है। उनके पिता बॉबी राज एक फिल्म निर्माता हैं, और उनकी मां रीना राज एक फिल्म निर्माता हैं। वह दिग्गज अभिनेत्री अनीता राज की भतीजी भी हैं और उनकी एक बहन सोनाक्षी राज हैं, जो एक फैशन डिजाइनर हैं।

# सीएसके ने गुजरात टाइटंस को 83 रनों से हराया

## ब्रेविस के बाद गेंदबाजों का दमदार प्रदर्शन

एजेंसी ● अहमदाबाद

सीएसके ने बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से गुजरात टाइटंस को 83 रनों से हरा दिया है। सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 230 रन बनाए। इसके जवाब में गुजरात की टीम 18.3 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। गुजरात ने इस तरह लगातार दो मैच गंवाए और उसकी यह आईपीएल में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी हार है। गुजरात की बल्लेबाजी इस मैच में काफी खराब रही और टीम का कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका।

लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की ओर से सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए, जबकि अरशद खान ने 20, शाहरुख खान ने 19, राहुल तेवतिया ने 14, कप्तान शुभमन गिल ने 13 और राशिद खान ने 12 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर और गेराल्ड कोएट्जे पांच रन बनाकर आउट हुए। गुजरात के लिए अंशुल कंबोज और नूर अहमद ने सबसे ज्यादा तीन-तीन विकेट लिए, जबकि रवींद्र जडेजा ने दो विकेट झटके। वहीं, खलील अहमद और मथीशा पथिराना को एक-एक विकेट मिले।

इस तरह सीएसके ने आईपीएल 2025 में अपना अभियान जीत के साथ समाप्त किया। हार के बावजूद गुजरात की टीम 14 मैचों में 18 अंक लेकर शीर्ष पर बनी हुई है, जबकि सीएसके ने 14 मैचों में चौथी जीत दर्ज कर आठ अंक लेकर 10वें स्थान पर अपने अभियान का अंत किया। नूर अहमद ने राहुल तेवतिया को आउट कर सीएसके को आठवीं सफलता दिलाई है। तेवतिया 10 गेंदों पर एक चौके की मदद से 14 रन बनाकर आउट हुए। गुजरात ने 16 ओवर की समाप्ति तक आठ विकेट पर 127 रन बना लिए हैं। मथीशा पथिराना ने कोएट्जे को बोल्ड कर गुजरात को सातवां झटका दिया। कोएट्जे पांच रन बनाकर पवेलियन लौटे। राशिद खान के रूप में गुजरात को छठा झटका लगा है। नूर अहमद ने राशिद को आउट कर सीएसके को सफलता दिलाई। राशिद आठ गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 12 रन बनाकर आउट हुए।

जडेजा ने एक ही ओवर में गुजरात को दो झटके दिए। जडेजा ने पहले शाहरुख खान को आउट किया और फिर साई सुदर्शन को पवेलियन भेजा। गुजरात की आधी टीम 86 के स्कोर पर पवेलियन लौट गई है। सुदर्शन 28 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुए। जडेजा ने शाहरुख खान को आउट कर गुजरात को चौथा झटका दिया। शाहरुख 15 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 19 रन बनाकर आउट हुए। सीएसके के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात का स्कोर 60 रन के पार पहुंच गया है। गुजरात ने नौ ओवर की समाप्ति के बाद तीन विकेट पर 67 रन बना



लिए हैं। फिलहाल क्रीज पर साई सुदर्शन के साथ शाहरुख खान मौजूद हैं। अंशुल कंबोज ने रदरफोर्ड को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की पारी लड़खड़ा गई है और उसने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए हैं। खलील अहमद ने जोस बटलर को आउट कर गुजरात को दूसरा झटका दिया। बटलर सात गेंदों पर पांच रन बनाकर आउट हुए। गुजरात ने 29 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए हैं। गुजरात टाइटंस को शुभमन गिल के रूप में पहला झटका लगा है। गिल अंशुल कंबोज की गेंद पर उर्विल पटेल को कैच थमा बैठे। गिल नौ गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 13 रन बनाकर आउट हुए। सीएसके के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की पारी शुरू हो गई है। गिल और साई सुदर्शन क्रीज पर मौजूद हैं। सुदर्शन इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे हैं। सीएसके ने गुजरात के सामने 231 रनों का लक्ष्य दिया है। चेन्नई सुपर किंग्स ने डेवोन कॉनवे के बाद डेवाल्ड ब्रेविस के शानदार अर्धशतक की बदौलत गुजरात के सामने जीत के लिए 231 रनों का लक्ष्य रखा है। ब्रेविस ने महज 19 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया जिससे सीएसके 20 ओवर में पांच विकेट पर 230 रन बनाने में सफल रही। सीएसके ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और उसके लिए कॉनवे तथा ब्रेविस ने अर्धशतक जड़े। ब्रेविस ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की जिस कारण सीएसके 200 रनों का आंकड़ा पार करने में सफल रही।

पहले बल्लेबाजी करते हुए आयुष म्हात्रे और कॉनवे ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 44 रनों की साझेदारी की। म्हात्रे रंग में नजर आ रहे थे, लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा ने उन्हें आउट किया। म्हात्रे 17 गेंदों पर 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कॉनवे ने उर्विल पटेल के साथ भी अर्धशतकीय साझेदारी निभाई जिसे साई किशोर ने उर्विल को आउट कर तोड़ा। उर्विल 19 गेंदों पर 37 रन बनाकर पवेलियन लौटे। फिर शाहरुख खान ने शिवम दुबे को आउट किया जो 17 रन बनाकर आउट हुए।

कॉनवे ने 34 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया, लेकिन राशिद खान ने अगली ही गेंद पर उन्हें आउट किया। कॉनवे 35 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ब्रेविस और रवींद्र जडेजा ने मोर्चा संभाला और पांचवें विकेट के लिए 39 गेंदों पर 74 रनों की साझेदारी कर डाली। ब्रेविस ने जमकर रन बनाए और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर डाली। ब्रेविस इस सीजन सीएसके के लिए 17 छक्के लगा चुके हैं। वह हालांकि, पारी की आखिरी गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। ब्रेविस 23 गेंदों पर चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 57 रन बनाकर आउट हुए।

सीएसके के लिए जडेजा 18 गेंदों पर एक चौका और एक छक्का की मदद से 21 रन बनाकर नाबाद लौटे। गुजरात की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने दो विकेट लिए, जबकि आर साई किशोर, राशिद खान और शाहरुख खान को एक-एक विकेट मिले। सीएसके ने गुजरात के खिलाफ 200 रनों का आंकड़ा पार कर लिया है। सीएसके के लिए डेवाल्ड ब्रेविस और रवींद्र जडेजा क्रीज पर मौजूद हैं। सीएसके ने 18 ओवर की समाप्ति तक चार विकेट पर 201 रन बना लिए हैं। डेवोन कॉनवे अर्धशतक लगाकर अपना विकेट गंवा बैठे। कॉनवे ने 34 गेंदों पर पचासा पूरा किया, लेकिन इसकी अगली ही गेंद पर राशिद खान ने उन्हें बोल्ड कर पवेलियन की राह दिखाई। कॉनवे 35 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। शाहरुख खान ने शिवम दुबे को आउट कर सीएसके को तीसरा झटका दिया। शिवम आठ गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 17 रन बनाकर आउट हुए। साई किशोर ने उर्विल पटेल को आउट कर सीएसके को दूसरा झटका दिया। इस तरह उर्विल और कॉनवे के बीच अर्धशतकीय साझेदारी टूट गई। उर्विल और कॉनवे ने दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े। उर्विल 19 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 37 रन बनाकर आउट हुए। डेवोन कॉनवे और उर्विल के बीच दूसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी हो चुकी है। सीएसके का स्कोर 100 रन के पार पहुंच गया है और टीम ने नौ ओवर की समाप्ति तक एक विकेट पर 101 रन बनाए हैं।

# विराट और रोहित की इन खूबियों से प्रेरित हैं गिल, की टेस्ट कप्तानी की बात

एजेंसी ● नई दिल्ली

रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुभमन गिल को टेस्ट टीम का नया कप्तान बना दिया। वह अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में टीम का नेतृत्व करते नजर आएंगे। रविवार को बीसीसीआई ने भारतीय टीम के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल का खास इंटरव्यू जारी किया। इसमें उन्हें आगामी सीरीज के लिए तैयारियों को लेकर बात करते हुए देखा गया। इस दौरान उन्होंने रोहित शर्मा और विराट कोहली पर भी चर्चा की।

25 वर्षीय बल्लेबाज शुभमन गिल भारतीय टीम के 37वें टेस्ट कप्तान हैं। वह पांचवें सबसे युवा कप्तान भी हैं। रविवार को बीसीसीआई की तरफ से जारी किए गए वीडियो में गिल ने विराट कोहली और रोहित शर्मा की खूबियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा- 'दोनों अपनी शैली के




मामले में बहुत विपरीत थे, लेकिन दोनों को एक समान लक्ष्य की ओर काम करते देखना बहुत प्रेरणादायक था। आप एक कप्तान के रूप में जीतना चाहते हैं और आपकी शैली अलग हो सकती है। वे दोनों बहुत अलग थे, लेकिन अपने-अपने अर्थों में समान भी थे। विराट भाई हमेशा बहुत आक्रामक थे, हमेशा भूख और जुनून के साथ आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाहते थे, जबकि रोहित भाई भी आक्रामक थे, लेकिन आप उनकी प्रतिक्रिया या उनके हाव-भाव पर यह नहीं देख सकते। वह ऐसे व्यक्ति थे जो मैदान पर हमेशा बहुत आक्रामक रहते थे।'

इसके अलावा गिल ने यह भी बताया कि कैसे विराट, रोहित और रविचंद्रन अश्विन जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने उन्हें विदेशी परिस्थितियों में सफल होने के लिए मंत्र दिया। उन्होंने आगे कहा- 'रोहित भाई बहुत शांत और चतुराई से खेलने वाले व्यक्ति थे, हमेशा मौजूद रहते थे और वह खिलाड़ियों से बहुत संवाद करते थे कि वह खिलाड़ियों से क्या चाहते हैं। और इसलिए ये वे गुण हैं जो मैंने उनसे सीखे हैं। रोहित भाई, विराट भाई और अश्विन भाई जैसे लोगों ने हमें घर से बाहर दौरे करने और मैच और सीरीज जीतने का मंत्र दिया है।'गिल ने टेस्ट में 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर डेब्यू किया था। गाबा में टेस्ट में उन्होंने 91 रन की बेहतरीन पारी खेली थी।

इस मैच को जीतकर अजिंक्य रहाणे की टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 की अजेय बढ़त हासिल की थी। तब से लेकर अब तक गिल ने 32 टेस्ट में 35.03 की औसत से 1893 रन बनाए हैं। इसमें पांच शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने 210 चौके और 31 छक्के लगाए हैं। हालांकि, भारत से बाहर गिल का रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है। खासतौर पर इंग्लैंड में गिल कुछ खास नहीं कर पाए हैं। वहां उन्होंने दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल भी खेले हैं। इंग्लैंड में तीन मैचों में उन्होंने 15 से कम की औसत से 88 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया में गिल ने छह टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और 35.20 की औसत से 352 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्धशतक शामिल हैं।

## शमी के लिए बंद हुए टेस्ट में वापसी के रास्ते!

**नई दिल्ली।** अमरोहा एक्सप्रेस के नाम से मशहूर शमी 64 टेस्ट में 229 विकेट ले चुके हैं, लेकिन क्या अब वह इसमें इजाफा कर पाएंगे? फिलहाल तो ऐसा नहीं लगता। आइए जानते हैं इंग्लैंड दौरे पर शमी की कमी की भरपाई कौन सा गेंदबाज कर सकता है... आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का एलान हो चुका है। 18 सदस्यीय टीम में अनुभवी मोहम्मद शमी को नहीं चुना गया है। उनके बाहर होने की अटकलें काफी दिनों से लगाई जा रही थीं और चयन समिति ने शनिवार को इस



पर मुहर भी लगा दी। वजह यह दी गई कि शमी टेस्ट मैच का कार्यभार संभालने के लिए फिट नहीं हैं और अब टेस्ट में उनके भविष्य पर सवाल उठने भी शुरू हो गए हैं।अमरोहा एक्सप्रेसह्व के नाम से मशहूर शमी 64 टेस्ट में 229 विकेट ले चुके हैं, लेकिन क्या अब वह इसमें इजाफा कर पाएंगे? फिलहाल तो ऐसा नहीं लगता। ऐसा माना जा रहा है कि उनके लिए वापसी के रास्ते बंद हो चुके हैं। भारतीय टीम के पास फिलहाल जिस प्रकार की युवा पेस बैटरी है, चयनकर्ता उन्हें ही ज्यादा से ज्यादा मौका देना चाहते हैं। शमी ने जून 2023 के बाद से कोई टेस्ट नहीं खेला है। ऐसे में अब चयनकर्ता चाहते हैं कि शमी सिर्फ सीमित ओवर के क्रिकेट में ही खेलें। टेस्ट की तुलना में सीमित ओवर क्रिकेट में शमी का प्रदर्शन शानदार रहा है।टीम का एलान करते वक्त अगरकर ने शमी को लेकर संकेत भी दिए थे। उन्होंने कहा, 'वह सीरीज के लिए फिट होने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पिछले सप्ताह उसे थोड़ी चोट लगी और एमआरआई कराया गया। मुझे नहीं लगता कि वह पांचों टेस्ट के लिये उपलब्ध होने वाले थे।

## इंग्लैंड दौरे पर श्रेयस की अनदेखी से बिफरे वीरेन्द्र सहवाग

### चयनकताओं पर दागे सवाल

एजेंसी ● नई दिल्ली

पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने इंग्लैंड दौरे पर श्रेयस अय्यर की अनदेखी पर सवाल खड़े किए हैं।उन्होंने चयनकताओं से पूछा है कि आखिर क्यों स्टार बल्लेबाज को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया में नहीं चुना गया। बता दें कि, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी। रोहित शर्मा के संन्यास के बाद शुभमन गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया जबकि ऋषभ पंत को उपकप्तानी का जिम्मा सौंपा गया। इस सीरीज के लिए चुने गए 18 सदस्यीय स्क्वॉड में श्रेयस अय्यर को शामिल नहीं किया गया है।



30 वर्षीय बल्लेबाज ने अब तक भारत के लिए 14 टेस्ट मुकाबले खेले हैं। इनमें उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतकों की मदद से 811 रन बनाए। उन्हें आखिरी बार इस प्रारूप में इंग्लैंड के खिलाफ पिछले साल खेलते देखा गया था, जब टीम भारत दौरे पर आई थी।सहवाग ने क्रिकबज से कहा- श्रेयस अय्यर का आईपीएल सीजन शानदार रहा है, वह कप्तान भी हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में क्यों नहीं खेल सकते? वह निश्चित रूप से तीनों प्रारूप खेल सकते हैं। जब आप अच्छी फॉर्म में होते हैं, तो उसे दौरे पर ले जाना अच्छा होता है क्योंकि उसके प्रदर्शन की संभावना अधिक होती है। मैं उसे टेस्ट टीम में देखना चाहता हूं। अगर वह टेस्ट क्रिकेट में भी यही रवैया अपनाता है, तो इससे टीम को फायदा होगा। अगर आपके पास ऐसे 2-3 खिलाड़ी हैं तो इससे विपक्षी टीम में डर पैदा होता है। इंग्लैंड 6-7 रन/ओवर की रफ्तार से खेलता है। अगर भारतीय टीम 4-5 रन/ओवर की रफ्तार से भी खेलती है, तो वे उन पर दबाव बना सकते हैं।

### रणजी और आईपीएल में चमके अय्यर

दाएं हाथ के बल्लेबाज ने रणजी ट्रॉफी 2024-25 में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने मुंबई के लिए सात पारियों में 68.57 की औसत से दो शतकों के साथ 480 रन बनाए थे। अब वह आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स का नेतृत्व कर रहे हैं और दमदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। 13 पारियों में श्रेयस ने 172.43 की स्ट्राइक रेट से 488 रन बनाए हैं।



पेरिस के रोलाण्ड-गैरोस स्टेडियम के सुजैन-लेंगलेन कोर्ट में फ्रेंच टेनिस ओपन के अपने पहले दौर के मैच के दौरान यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना के खिलाफ फोरहैंड शॉट लगाती हुई।

# दिल्ली ने पंजाब को छह विकेट से हराया

एजेंसी ● जयपुर

इस मुकाबले में पंजाब ने श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में छह विकेट खोकर 206 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.3 ओवर में चार विकेट खोकर 208 रन बनाए और छह विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया।समीर रिजवी की नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। शनिवार को जयपुर में खेले गए इस मुकाबले में पंजाब ने श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में छह विकेट खोकर 206 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.3 ओवर में चार विकेट खोकर 208 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। पंजाब के लिए हरप्रीत बराड़ ने दो विकेट लिए जबकि मार्को यानसेन और प्रवीण दुबे ने एक-एक सफलता हासिल की।


दिल्ली ने इस जीत के साथ मौजूदा सत्र में अपना अभियान समाप्त किया। वहीं, पंजाब की शीर्ष-2 में रहने की उम्मीदों को झटका लगा है। फिलहाल टीम 13 मैचों में आठ जीत के साथ 17 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। अब उसका सामना 26 मई (सोमवार) को मुंबई इंडियंस से होगा। दिल्ली पांचवें स्थान पर है। शीर्ष पर 18 अंकों के साथ गुजरात टाइटंस है जबकि 17 और 16 अंकों के साथ तीसरे और चौथे पायदान पर क्रमशः आरसीबी और मुंबई है।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली को केएल राहुल और फाफ डुप्लेसिस ने अच्छी शुरूआत दिलाई थी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी हुई, जिसे मार्को यानसेन ने तोड़ा। उन्होंने केएल राहुल को शशांक सिंह के हाथों कैच कराया। वह 21 गेंदों में छह चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुए जबकि हरप्रीत बराड़ ने डुप्लेसिस को पवेलियन की राह दिखाई। वह 23 रन बनाकर लौटे। इसके बाद सेदिकुल्लाह अटल भी 22 रन बनाकर आउट हो गए। करुण नायर को समीर रिजवी का साथ मिला। दोनों ने 30 गेंदों में 62 रन जोड़े। हालांकि, नायर अर्धशतक पूरा करने से पहले ही आउट हो गए। उन्होंने 44 रन बनाए। इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी ने टीम को जीत दिलाई।

# करुण अनुष्का के साथ अयोध्या पहुंचे विराट कोहली; रामलला के किए दर्शन

एजेंसी ● लखनऊ

विराट इन दिनों लखनऊ में ही हैं। लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ आरसीबी को 27 मई को मुकाबला खेलना है। इससे पहले विराट ने अनुष्का के साथ अयोध्या जाने का मन बनाया। दोनों ने रामलला और हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन किए और आशीर्वाद लिया।टेस्ट से संन्यास लेने के बाद विराट कोहली इन दिनों भगवान के दर पर माथा टेकने पहुंच रहे हैं। उनकी जीवन संगिनी अनुष्का शर्मा भी उनके साथ ही दिखती हैं। रविवार को विराट अनुष्का के साथ अयोध्या पहुंचे। उन्होंने भगवान रामलला और भगवान हनुमान के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने वहां पूजा अर्चना की और भगवान



के दर पर माथा टेका। हनुमान गढ़ी मंदिर में उनके पूजा अर्चना का वीडियो भी सामने आया है। हनुमान गढ़ी मंदिर के पुजारी ने



उन्हें फूल माला पहनाया और टीका लगाया। विराट इससे पहले वृंदावन भी पहुंचे थे और



वहां संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम जाकर उनसे आशीर्वाद लिया था।

कोहली फिलहाल आईपीएल में व्यस्त हैं और अपने आखिरी लीग राउंड के मैच के लिए लखनऊ में हैं। लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ आरसीबी को 27 मई को मुकाबला खेलना है। इससे पहले विराट ने अनुष्का के साथ अयोध्या जाने का मन बनाया। इन दोनों ने भगवान राम के मंदिर और हनुमान गढ़ी मंदिर में पूजा अर्चना की। विराट ने इसी महीने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था और अब वह भारत के लिए सिर्फ वनडे खेलते नजर आएंगे।हनुमान गढ़ी मंदिर के पुजारी संजय दास जी महाराज ने कहा, 'विराट कोहली और अनुष्का शर्मा को आध्यात्म, संस्कृति, ईश्वर और सनातन धर्म से गहरा लगाव है। उन्होंने भगवान रामलला के दर्शन किए और फिर भगवान हनुमान से आशीर्वाद लिया। उन्होंने यहां आध्यात्म और पौराणिक बातों पर भी चर्चा की। उन दोनों ने रामलला का परिक्रमा भी किया और हनुमान जी का आशीर्वाद भी लिया। निश्चित ही हनुमान जी का आशीर्वाद लिया है तो फल मिलेगा ही।'कोहली और अनुष्का ने संत प्रेमानंद के आश्रम में साढ़े तीन घंटे से भी ज्यादा समय बिताया। यह पहली बार नहीं है जब विराट संत प्रेमानंद से मिलने पहुंचे थे। वह इससे पहले जनवरी 2023 में इसी साल जनवरी में भी मिलने पहुंचे थे। अब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्होंने संत प्रेमानंद से गहन चर्चा की। इस दौरान विराट ने पूछा कि असफलता से कैसे बाहर निकला जाए? इस पर प्रेमानंद ने कहा कि अभ्यास करना जारी रखें।

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, सोमवार, 26 मई, 2025
www.adityabharat.com





वुडहेड, यूके। डर्बीशायर में वुडहेड जलाशय पर एक पुल को पार करता यातायात, क्योंकि इंग्लैंड में जलाशय का स्तर क्षमता के 84% पर होने के कारण गंभीर सूखे का सामना करना पड़ रहा है।

## शॉर्ट न्यूज

### सभी परमाणु हथियार सुरक्षित : पाक का दावा

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान ने शुक्रवार को कहा कि उसकी कमान और नियंत्रण संरचना मजबूत है। विदेश कार्यालय ने यह भी कहा कि देश अपनी ''परमाणु संरचना की सुरक्षा'' को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त है। पाकिस्तान के परमाणु हथियारों के बारे में मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में विदेश कार्यालय ने कहा, ''पाकिस्तान अपने परमाणु हथियारों की सुरक्षा और अपने कमान तथा नियंत्रण ढांचे की मजबूती को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है।'' अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भारत के परमाणु शस्त्रागार के बारे में अधिक चिंतित होना चाहिए। 'भारत के राजनीतिक परिदृश्य, मीडिया और उसके समाज के कुछ हिस्सों में बढ़ती कट्टरता, वैध परमाणु सुरक्षा चिंताओं को जन्म देती है।''

### ऑपरेशन सिंदूर में शामिल जवान की अटैक से मौत

**वैशाली**। बिहार में वैशाली के बिदूपुर थाना क्षेत्र के साहदुल्लपुर चकफरीद मधुरापुर गांव में एक बीएसएफ जवान की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। जवान राजू कुमार, 29 साल पहलगाम की आतंकी वारदात के बाद पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूरमें शामिल था। चाचा के निधन के बाद वह घर आया था। लेकिन श्राद्ध के दौरान उसे हार्ट अटैकआ गया और अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

### बजट पर पाकिस्तान से रचनात्मक चर्चा

**नई दिल्ली**। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने शनिवार को कहा कि उसने आगामी बजट पर पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ रचनात्मक चर्चा की है। वैश्विक निकाय ने आने वाले दिनों में बातचीत जारी रखने की प्रतिबद्धता भी जताई। आईएमएफ टीम ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट पर चर्चा करने के लिए 19 मई को इस्लामाबाद में उच्च स्तरीय नीति वार्ता शुरू की, जो कई दिनों तक चली। हालांकि वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकल सका, जिससे सरकार को बजट की घोषणा 10 जून तक टालनी पड़ी।

### ट्रम्प का एपल के बहाने भारत पर निशाना, सैमसंग पर भी टैरिफ की तलवार

# अमेरिका की 9 बड़ी कंपनियां 80% प्रोडक्ट बाहर बना रहीं

**एजेंसी ● वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भले ही एपल को भारत में स्मार्टफोन न बनाने के लिए धमका रहे हों, लेकिन खुद यूएस डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स की रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका हर साल 425 लाख करोड़ रु. के उत्पाद और सेवाएं (भारत की जीडीपी से 32% ज्यादा) दुनिया से आयात करता है। 9 बड़ी अमेरिकी कंपनियां अपने 80% उत्पाद दूसरे देशों में बनाती या खरीदती हैं। 2002 में 77% अमेरिकी मेड इन यूएसए प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते थे। 2023 में यह संख्या घटकर सिर्फ 46% रह गई है।अमेरिका में 90% इलेक्ट्रिक सामान, 50% दवाएं, 75% कपड़े, 60% घरेलू सामान बाहर से आ रहे हैं। सरकार ने कोविड के बाद अमेरिका ने देसी मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दिया। 300 कंपनियां इसमें शामिल हुईं, लेकिन अमेरिका में 3,207 रु./ घंटे की मजदूरी के चलते वे उत्पादन शुरू नहीं कर पाईं। चीन में यह 116 रु. है।

**निशाना**



**एपल के बाद सैमसंग पर भी टैरिफ की तलवार**

एपल पर 25% टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दक्षिण कोरियाई स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरर्स सैमसंग पर भी एक्शन ले सकते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट बताती है कि सैंमसंग पर भी टैरिफ की तलवार लटकी है, क्योंकि ट्रम्प ने कहा कि टैरिफ उन सभी कंपनियों पर लागू होगा, जो अमेरिका से बाहर अपने उत्पाद बना रही हैं। भारत के कुल स्मार्टफोन फोन निर्यात में एपल और सैमसंग का योगदान 94% है। 2024 में इसमें 6% की बढ़ोतरी भी इन्हीं दो कंपनियों की वजह से हुई। सैमसंग भारत में 6 करोड़ स्मार्टफोन हर साल बना रही है।

**अमेरिका दुनियाभर से सामान ले रहा, लेकिन दिक्कत सिर्फ भारत से**

1. एपल: 29 लाख करोड़ रु. के उत्पाद अमेरिका से बाहर बनाता है। इसमें 1.87 लाख करोड़ का उत्पादन भारत में है। वह अपने 80% आईफोन, 55% आईपेड और 80% मैकबुक चीन में बनाता है। वियतनाम में 65% एयरपोड और 90% एपल वॉच बनाता है। ताइवान में हिस्सेदारी 2 से 5% तो ब्राजील और थाईलैंड में 1-1% है। अमेरिका में सिर्फ मैक प्रो, एआई सर्वर चिप कंपोनेंट ही बनाता है।
2. गूगल: 60 से 70% फोन चीन, 20 से 30% वियतनाम और 10% भारत में बनाती है। अमेरिका में एक फोन नहीं बनाती। सालाना बाहरी उत्पादन 44 हजार करोड़ रु. है।
3. टेस्ला: 55% उत्पाद चीन,10% जर्मनी, शेष 35% अमेरिका में बनाती है। कंपनी आने वाले दिनों में भारत में उत्पादन करना चाहती है। टेस्ला के राजस्व में बाहर से बने उत्पादों की हिस्सेदारी 4.25 लाख करोड़ रु. से ज्यादा है।
4. एनवीडिया: चिप मेकर। 60-70% जीपीयू, टेंसर चिप और टेग्रा एसओसी चीन और ताइवान में बनाती है। महज 5-10% उत्पाद ही अमेरिका और इतना ही दक्षिण कोरिया में उत्पादन है। इसका सालाना 10.20 लाख करोड़ रु. का उत्पादन अमेरिका से बाहर का है।
5. नाइकी: इसका 50% उत्पादन वियतनाम, 20% चीन, 20% इंडोनेशिया, 5-10% थाईलैंड, 1-5% अमेरिका में है। 4.33 लाख करोड़ का उत्पादन बाहर करती है।
6. जॉनसन एंड जॉनसन: फार्मा और कंज्यूमर हेल्थ प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी अपने 40% उत्पाद ही अमेरिका में बनाती है। शेष 30% यूरोप 15% चीन और 10% भारत में बनाती है। बाहर बने उत्पादों का मूल्य 3.23 लाख करोड़ रु. है।
7. प्रॉक्टर एंड गेंबल: उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली यह कंपनी 40% उत्पाद अमेरिका, 15% चीन, 15% यूरोप और 5-10 % उत्पाद फीलीपींस, थाईलैंड और भारत में बनाती है। बाहर बनने वाले उत्पाद की लागत 3.48 लाख करोड़ रु. है।

# भुखमरी से बेहाल है गाजा ट्रकों से लूट लिया सामान

**एजेंसी ● यरूशलम**

गाजा में हालात इतने खराब हो गए हैं कि इजरायली हमलों से ज्यादा लोग भुखमरी से मरने लगे हैं। संयुक्त राष्ट्र के अध्यक्ष एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि गाजा इस समय सबसे खराब समय का सामना कर रहा है। इजरायल ने लंबे समय की पाबंदी के बाद जब गाजा वालों के लिए राहत सामग्री वाले ट्रकों को जाने की इजाजत दी तो दर्जनों ट्रक रास्ते में ही लूट लिए गए। भूख और अभाव से त्रस्त लोगों ने राहत सामग्री वाले ट्रकों को लूट लिया।

इजरायल ने एक बार फिर गाजा में आक्रामक तरीके से हमला शुरूर कर दिया है। गाजा सिविल डिफेंस एजेंसी के अधिकारी मोहम्मद अल मुगायीर ने बताया कि शुक्रवार को इजरायल के हवाई हमलों में कम से कम 71 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। इसके अलावा



अब भी कई लोग लापता हैं। यूएन चीफ ने कहा कि इजरायल को कम से कम राहत सामग्री पर रोक नहीं लगानी चाहिए। यह क्रूरता की हद है जिसका सामना गाजा के लोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में इजरायल ने 400ट्रकों को अनुमति दी थी। हालांकि इनमें से 115 ही गाजा में पहुंचे। उन्होंने कहा कि इजरायल ने गाजा में नरसंहार तेज कर दिया है और जोरदार तबाही मचाने लगा है। वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने कहा कि बीती रात दक्षिणी गाजा में करीब 15 ट्रक लूट लिए गए।

### भारत झुकेगा नहीं, असली चेहरा उजागर करेंगे

# टोक्यो से पाक को बनर्जी का सख्त संदेश

**एजेंसी ● टोक्यो**

भारत के सांसदों का प्रतिनिधिमंडल जापान की राजधानी टोक्यो में पाकिस्तान के आतंकवाद को बेनकाब कर रहा है। तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अगर आतंकवाद एक पागल कुत्ता है तो पाकिस्तान उसका विषैला पालक है। पहले हमें इस जहरीले पालक को नियंत्रित करना होगा, वरना यह और पागल कुत्ते पैदा करता रहेगा। उन्होंने दुनिया से आतंकवाद के इस संरक्षक के खिलाफ एकजुट होने की अपील की है। अभिषेक ने प्रवासियों को भारत की सबसे बड़ी ताकत बताया है।

दरअसल, पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान झूठा प्रचार करता आ रहा है और झूठे नरेटिव गढने की कोशिश कर रहा है। वहीं, भारत के 7 डेलिगेशन



दुनिया को सबूतों के साथ बता रहे हैं कि पाकिस्तान की कथनी और करनी में कितना बड़ा फर्क है। इन प्रतिनिधिमंडलों में भारत की सभी पार्टियों के दिग्गज नेता शामिल हैं। एक संदेश दुनिया को ये भी दिया जा रहा है कि आतंक का मामला हो तो पूरा देश एक्शन को लेकर एकजुट है। ये डेलिगेशन मुस्लिम देशों से लेकर यूरोप अमेरिका तक में भारत का पक्ष रख रहे हैं। वो भी सबूतों के साथ।

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को टोक्यो में भारतीय समुदाय के साथ संवाद किया। उन्होंने साफ कहा कि भारत झुकेगा नहीं। भारत अब आतंकवाद का जवाब उसी भाषा में देगा जो उसे (पाकिस्तान) समझ आती है। हम कुछ विशेष तस्वीरें और फुटेज सामने लाएंगे, ताकि पाकिस्तान का असली चेहरा पूरी दुनिया के सामने उजागर हो सके। उन्होंने पाकिस्तान पर लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों को बचाने का आरोप लगाया और कहा कि एयर स्ट्राइक के बाद सार्वजनिक डोमेन में आई तस्वीरों में देखा गया कि मारे गए आतंकियों के जनाजों में पाकिस्तान की सेना के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों से पाकिस्तान के संबंध को वैश्विक मंच पर उजागर करने की मांग की।

### एक और डेलिगेशन रवाना

भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज को और बुलंद करते हुए एक खास ऑल पार्वी डेलिगेशन विदेश भेजा है। इस डेलीगेशन में विभिन्न दलों के आठ सदस्य शामिल हैं जो चार देशों का दौरा कर पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर करेंगे। इस टीम का नेतृत्व बीजेपी सांसद बैजयंत पांडा कर रहे हैं। यह प्रतिनिधिमंडल बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब और अल्जीरिया की यात्रा कर पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद, ऑपरेशन सिंदूर जैसी घटनाओं और जम्मू-कश्मीर में दशकों से जारी आतंकी फंडिंग के बारे में जानकारी साझा करेगा।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)